CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, बुधवार 24 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 114 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

## रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

■ **कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की**



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

# आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



■ **बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए**

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में हाथरस की महिला समेत 5 लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में कानपुर नेशनल हाईवे पर अकराबाद के गोपी पुल के पास एक कार और ट्रक में भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में कार में बैठी महिला समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रक का परिचालक बुरी तरह जल गया। ट्रक अलीगढ़ से एटा जा रहा था, जबकि कार एटा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर ट्रक में सामने से टकरा गई। हादसे के बाद नेशनल हाईवे जाम हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी देहात अमृत जैन ने विस्तृत जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह गोपी पुल पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

### उप्र लोकायुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी।

# आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसें 20 अक्टूबर से शुरू होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे
- 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा

**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं।


उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक ने शाह टाइम्स को जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस काजी नुरुल्लाह शूस्तरी आगरा की याद में होंगी।

# अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का नक्शा खारिज

**अयोध्या, वार्ता**

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन छोड़ने के एवज में मुस्लिम पक्ष को धन्नीपुर में दी गई 5 एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने निरस्त कर दिया है। यह खुलासा आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में एडीए ने किया है। एडीए ने दावा किया है कि इस मस्जिद के निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट ने पहल की थी। ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए एडीए में आवेदन किया था, लेकिन ढाई साल बाद भी इससे संबंधित विभिन्न विभागों की एनओसी दाखिल नहीं कर सका है। इसकी वजह से ट्रस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अयोध्या में मस्जिद निर्माण का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

करीब साढ़े पांच सौ सालों से चले आ रहे संघर्ष के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला सुनाया था। इस फैसले के तहत विवादित जमीन हिंदुओं को देने और मुसलमानों को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया था। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिरके लिए भूमि पूजन किया और तय समय के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। अब इस मंदिर का काम अंतिम चरण में है। दूसरी ओर मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उसी समय मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। इसके बाद करीब ढाई साल पहले मुस्लिम पक्ष ने भी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट बनाकर मस्जिद बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए एडीए में ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी कर दिया, लेकिन इन ढाई सालों में यह ट्रस्ट वैध दस्तावेज नहीं जमा करा सका है। इसमें खासतौर पर विभिन्न विभागों की एनओसी मुख्य है। इसकी वजह से मस्जिद का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। वहीं अब एडीए ने ट्रस्ट द्वारा दाखिल नक्शे के आवेदन की फाइल ही खारिज कर दी है।



- ढाई साल पहले मिली थी पांच एकड़ जमीन

अयोध्या में नागेश निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण में सूचना के अधिकार के तहत इस मस्जिद के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में एडीए ने बताया कि विभिन्न विभागों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश न करने की वजह से मस्जिद का नक्शा खारिज किया गया है।

## अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

### आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

# उप्र के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूपी सीईओ ने जारी कर मांगा जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इन दलों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया मगर निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। नियमों के अनुसार प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि तीन अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।



**सेंसेक्स** 82102.10
**निफ्टी** 25169.50



**सोना रु.** 114179
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 134980
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट

## ऑटो-बैंकिंग शेयरों में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही, हालांकि ऑटो और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.87 अंक (0.07 प्रतिशत) की गिरावट में 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 81,776.53 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली से बाजार काफी हद तक उबरने में कामयाब रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली रही जबकि एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत गिर गया। टेक महिंद्रा में 2.07 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.94 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.90 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईटीसी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयर भी टूट गए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 2.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.94 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.83 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.81 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत, टाटा स्टील और एनटीपीसी दोनों का 1.11 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में कुल 3,136 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,714 के शेयर गिरावट में और 1,329 के बढ़त में रहे जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.13 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 फीसदी लुढ़क गया।

### सोना पहुंचा 114000 के पार, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने एक बार फिर से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 114179 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। सोना ही नहीं, चांदी भी रफ्तार के साथ भाग रही है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में चांदी भी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,34,980 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 1,03,810 रुपये और 24 कैरेटे सोने का भाव 1,13,230 रुपये रहा, जबकि मुंबई में1,13,080 रुपये, चेन्नई में 1,13,790, कोलकाता में 1,13,080 और लखनऊ में 1,13,230 रुपये रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और साल के अंत तक अतिरिक्त रियायतों की संभावनाओं ने सोने के प्रति धारणा को मजबूत किया है, जबकि डॉलर इंडेक्स में नरमी और रुपये में कमजोरी ने भी इसमें तेजी ला दी है। केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, ईटीएफ में मजबूत निवेश और सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी ने कीमती धातुओं की मजबूती को और बढ़ाया है।

# नवी मुंबई से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस



**मुंबई।** एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नए हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी।

ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी। अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जाएगी, जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी। अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन भागीदार के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

### यूपी के किसानों के लिए खुशखबरी, सीएसए विवि से मिल सकेंगे बीज

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए विवि) के तिलहन अनुभाग में कृषि वैज्ञानिकों ने पहली बार सरसों की सुरेखा प्रजाति (केएमआर-16-2) को विकसित किया है, जिसका साल 2022 में विमोचन हुआ था और अब कृषि मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के किसानों को सरसों की यह एक नई प्रजाति खेती के लिए मिल जाएगी। सीएसए विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. महक सिंह ने बताया कि इस प्रजाति की खूबी है कि इसमें सर्वाधिक तेल की मात्रा 41.4 प्रतिशत तक मिली है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्योहार में मिला उपहार: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है। पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है।

औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं। जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। पात्रा ने कहा कि सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शासन के आदेश पर अधिकारियों ने हटाया सम्राट मिहिर भोज का विवादित बोर्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शासन के आदेश के बाद प्रशासन ने विवादित बोर्ड को हटाने का काम शुरू कर दिया है। सोमवार रात्रि प्रशासन की टीम ने कपसाड़ गांव के बाहरी छोर में लगाएं गये सम्राट मिहिर भोज के होर्डिंग को हटाया। इस दौरान गांव के लोगों ने जमकर हंगामा भी किया।

गौरतलब है कि कपसाड़ गांव में मिहिर भोज का द्वार बोर्ड लगाया गया था, जिसके उपर लिखे कुछ शब्दों की वजह से मामले ने तूल पकड़ लिया था। जिसके बाद क्षेत्र में जातीय टकराव की स्थिति बन गई थी। सोमवार को कोर्ट व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिसूत्रक बोर्ड पूरे सूबे से हटाने का आदेश जारी किया था। जिसके बाद सोमवार रात्रि प्रशासन की टीम कपसाड़ गांव पहुंची, जहां पर लगे बोर्ड को हटाने का प्रयास किया। इस बीच गांव में जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के लोग पहुंच गये, जिन्होंने बोर्ड हटाने का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद प्रशासन की तरफ से बोर्ड हटाया गया। कार्यवाही के दौरान एडीएमई बलराम सिंह, एसपी क्राइम अरविंद कुमार, एसडीएम उदित नारायण सेंगर, सीओ आशुतोष कुमार और बीडीओ ने आधा दर्जन थाना प्रभारियों समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## चिराग ग्रामर स्कूल में आत्म रक्षा सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को चिराग ग्रामर स्कूल में आत्म-रक्षा पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कराटे विशेषज्ञ वसीम अहमद ने विद्यार्थियों को आत्म-रक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। सभा में अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। बच्चों ने कराटे की प्रभावशाली तकनीकों का प्रदर्शन किया और आत्म-रक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक कौशल सिखाना और आत्म-रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रधानाचार्या कैप्टन डॉ. नीना चौहान ने भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण बच्चों के आत्मविश्वास और सुरक्षा दोनों को मजबूत करते हैं।

# कमिश्नरी गेट पर आत्मदाह का प्रयास

## प्रीत विहार कॉलोनी में हाइट गेज न लगने से नाराज युवक ने उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना नौचंदी क्षेत्र के प्रीत विहार निवासी विक्रम पुत्र बबली और उनकी माता शकुंतला ने मंगलवार को कमिश्नरी गेट के बाहर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। इस बीच वहां खलबली मच गई। आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने पीड़ित के हाथ से तेल से भरी केन छीनकर उसे थाने ले जाने के लिए गाड़ी में बैठा लिया।



पीड़ित ने बताया कि उसका नाम विक्रम है वह प्रीत विहार का रहने वाला है 3 अगस्त 24 को उसकी भतीजी का प्रीत विहार कालोनी में घर के बाहर खेल रही थी अचानक कार की टक्कर लगने से उसका एक्सीडेंट हो गया और अब वह इस दुनिया में नहीं है। आरोप है कि कॉलोनी में ट्रकों का आना जाना लगा रहता है नगर निगम को कई बार लिखित में कॉलोनी के बाहर हाइट गेज लगाने का निवेदन किया गया लेकिन अधिकारियों पर वहां मौजूद फैक्ट्री के मालिकों का दबाव है आज तक विभाग ने कार व ट्रक रोकने का प्रयास नहीं किया। बताया कि आज असकी भतीजी दुनिया में नहीं है कल और भी घटना घटित हो सकती है। हाइट गेज लगाने के लिए इससे बीते दिनों कमिश्नरी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए उसने कदम उठाया है।



# शोभित विवि में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों के साथ GATE 2026 एवं JAM कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के मान. विकी, भौतिक एवं गणितीय विज्ञान संकाय द्वारा मंगलवार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजी. नियरिंग गेट 2026 और जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स JAM पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी शैक्षणिक एवं करियर योजनाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त किया।




कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डीन अकादमिक के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के प्रतिष्ठित प्रोफेसर प्रो. अमिया कुमार नायक एवं प्रो. उदय सिंह ने छात्रों को GATE और JAM परीक्षा की संरचना, प्रभावी तैयारी की रणनीतियों और उच्च शिक्षा व अनुसंधान के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न एनआईटी, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इन परीक्षाओं के महत्व तथा इनके माध्यम से मिलने वाले आकर्षक करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शोभित विवि के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने छात्रों को अपने संबोधन में प्रेरित किया। उन्होंने कहा, गणित, इंजीनियरिंग और GATE परीक्षा की रीढ़ है। जो छात्र गणित में प्रवीण हैं, वे GATE परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में शोभित विवि के अधिकतम छात्र GATE परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। कार्यक्रम के संवादात्मक सत्र में छात्रों ने परीक्षा पैटर्न, पात्रता मानदंड और GATE एवं JAM के माध्यम से उपलब्ध करियर संभावनाओं से संबंधित अपने प्रश्न उत्साहपूर्वक पूछे। इस सत्र ने छात्रों को भविष्य के शैक्षणिक लक्ष्यों के प्रति स्पष्टता, आत्मविश्वास और सही दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का सफल समन्वयन प्रो. डॉ. आर. के. जैन, डॉ. ज्योति, डॉ. हरिओम शर्मा, रवीन्द्र नेगी, डॉ. श्याम सुंदर पाल, डॉ. निधि त्यागी, अभिनव पाठक, डॉ. संदीप, डॉ. आसिफ, डॉ. अनीकेत, विजय महेश्वरी और डॉ. करिश्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं मेजबानी आकृति गोस्वामी ने किया। अंत में, प्रो. डॉ. विपिन कुमार त्यागी ने सभी अतिथियों और उपस्थित छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह कार्यशाला छात्रों के लिए एक मूल्यवान करियर-काउंसलिंग मंच साबित हुई, जिसने उन्हें GATE और JAM परीक्षा की तैयारी और उच्च शिक्षा में सफलता के मार्ग के प्रति मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की।

# स्कूली बच्चों को दी गई गैस सुरक्षा की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना-दौराला मार्ग पर गंग नहर पुल के निकट स्थित रेड रोज इंटर कॉलेज में मंगलवार को भारत गैस वितरक बालाजी गैस सर्विस द्वारा सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घरेलू गैस सिलेंडर व गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग से संबंधित जानकारी देने हेतु एक विशेष जागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र- छात्राओं, शिक्षिकाओं व स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ते घरेलू हादसों को रोकने के लिए छात्राओं को प्रारंभिक स्तर पर ही गैस सुरक्षा के प्रति सजग बनाना रहा। बालाजी गैस एजेंसी के मैनेजर वीरेंद्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ मिलकर छात्र-छात्राओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए रसोई से जुड़ी योजनाओं में गैस सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि उपभोक्ता गैस सिलेंडर का प्रयोग पूरी सतर्कता और सुरक्षा नियमों के साथ करें। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रमनदीप चौधरी, प्रधानाचार्या सायरा अहमद, रिया शर्मा, कहकशा परवीन, प्राची त्यागी, पूनम रानी, अलीशा, साबिया आदि मौजूद रहें।

# मरीज की सहायता करने पर सीएमओ सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक को सम्मानित किया। यह सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर किया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि एक पीड़ित परिवार अपनी बच्ची का इलाज कराने के लिए चार दिन पूर्व न्यूटिमा हॉस्पिटल पहुंचा था। इलाज के दौरान दुर्भाग्य से बच्ची की मृत्यु हो गई। अस्पताल ने मृत्यु के बाद 73,000 रुपये का बिल और 74,000 रुपये का दवाइयों का बिल थमा दिया, जिससे परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ गया और घर में मातम छा गया। पीड़ित ने सीएमओ डॉ. अशोक को कहानी सुनाई। सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल प्रबंधन से बिल की जांच कराई और पीड़ित परिवार को आर्थिक राहत प्रदान की।

# जसवंत राय स्पेशलिटी हॉस्पिटल से फार्माकोविजिलेंस वीक की हुई शुरुआत

**एडीआर रिपोर्टिंग को लेकर डाक्टर उतरे सड़को पर, दवा सुरक्षा पर किया जागरुक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंडियन फार्माकोपिया कमीशन और जसवंत राय स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 5वां नेशनल फार्माकोविजिलेंस वीक 17 से 23 सितम्बर तक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोदा राजीव एवं डॉ. प्रशांत बेंद्रे ने फीता काटकर किया। भारतीय फार्मा कोपिया आयोग से आई डॉ. ज्योति सिंह ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग में अग्रणी देशों में शामिल है। स्वास्थ्यकर्मी ही नहीं बल्कि मरीजों की भागीदारी भी इस प्रणाली को और मजबूत बनाएगी।

सप्ताह भर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम, व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता और प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। 20 सितम्बर को वॉकथॉन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में डाक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहे। डॉ. विनोदा राजीव ने कहा कि ए.डी.आर रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को सभी स्वास्थ्य कर्मी अपनाएं और इस पर नियमित प्रशिक्षण लिया जाए। 23 सितम्बर को कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. एस.सी. अग्रवाल, अस्पताल प्रबंधक एम. अहमद, शालिनी शर्मा, व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अमेजन ने द ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जैसे ही भारत में 22 सितंबर से ऐतिहासिक जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं, अमेजन. इन ने एक विशेष स्टोर रंट द ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन, जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की। यह स्टोर रंट होम अप्लायंसेज, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य श्रेणियों में जीएसटी बचत वाले उत्पादों को प्रदर्शित करेगा बिल्कुल समय पर अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल एजीआईएफ 2025 के लिए, जो 23 सितंबर से शुरू हो रहा है, जिसमें प्राइम सदस्यों को 22 सितंबर की मध्यरात्रि से 24 घंटे पहले विशेष एक्सेस मिलेगा। जीएसटी बचत उत्सव के हिस्से के रूप में, स्टोर रंट पर उत्पादों पर बैज लगे होंगे जो लागू जीएसटी बचत को दर्शाएंगे,

# तनिष्क के नए शोरूम का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के सबसे बड़े ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क द्वारा मंगलवार को गढ़ रोड पर अपने नए शोरूम का उद्घाटन किया गया। यहां सोने, कुंदन, पोल्की और डायमंड में विवाह के लाजवाब आभूषणों की शानदार रेंज से लेकर पारंपरिक आभूषण तक उपलब्ध है। यहां 5000 से अधिक उत्कृष्ट डिजाइन्स में हर ग्राहक के लिए अद्भुत कारीगरी से तराशे गए आभूषण मौजूद है। तनिष्क की रीजनल बिजनेस हेड शालिनी गुप्ता और रीजनल बिजनेस मैनेजर अभिषेक बाजपेयी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि तनिष्क ने ग्राहकों को प्रत्येक आभूषण की खरीद पर मुफ्त सोने का सिक्का उपहार के रूप में दिया जा रहा है। ग्राहक हमारे नए शोरूम में इस ऑफर का लाभ 23 से 25 सितम्बर तक ले सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तनिष्क के बिजनेस एसोसिएट एसके जैन, एरिया बिजनेस मैनेजर रामेश्वर सिंह, पूर्णिमा सिंह, शिखा जायसवाल, विनय श्रीवास्तव और दिनकुश राणा के साथ शहर के तमाम गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# श्रीरामलीला मंचन में कैकेयी ने राजा दशरथ से मांगा श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में चल रही आदर्श रामलीला के मंचन में राजा दशरथ ने अपने मंत्रियों से श्रीराम का राजतिलक करने की सलाह करते है। श्रीराम के राजतिलक की सूचना पर अयोध्या में खूब खुशी मनाई जाती है। लेकिन रानी मंथरा के कहने पर कैकेई ने राजा दशरथ से दो वंचन मांगे। जिसमें राजा दशरथ ने उन्हें प्रेम में दोनों वचन दे दिये। जिसमें माता कैकई ने भरत को राजगद्दी पर बैठाना तथा श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। लेकिन श्रीराम के राजतिलक की सूचना पर अयोध्या नगरी में उत्सव मन गया। लेकिन मंथरा कैकेयी को बताती है कि राम के राजा बनने पर भरत दास बन जाएगा। मंथरा कैकई से राजा दशरथ से दो वरदान मांगने के लिए कहती है और मंथरा के कहने पर कैकई कोप भवन में चली जाती है। राजा दशरथ महल में पहुंचते हैं और रानी को समझाने का प्रयास करते है। कैकेई दशरथ से भरत को अयोध्या का राजा और राम को 14 वर्ष का वनवास का वर मांगती है। कैकेई के वचन सुनकर राजा दशरथ जमीन पर गिर पड़ते हैं। पिता के वंचनों को पूरा करने के लिए भगवान श्रीराम वनवास जाना स्वीकार कर लेते है और माता कौशल्या से वन जाने की अनुमति मांगते हैं। जब पिता की आज्ञा से श्रीराम व सीता वन को चलते हैं तो श्रीराम का छोटा भाई लक्ष्मण भी उनके साथ चलने की जिद पर अड़ जाता हैं। तो भगवान श्रीराम उनको भी अपने साथ ले चलतें है और वन की ओर प्रस्थान करते हैं। दशरथ के मंत्री सुमन वीर राम के साथ जाते है, परंतु राम रात में सुमंत को सोता हुआ छोड़कर पंचवटी की ओर प्रस्थान करते हैं। मंचन को देखकर लोगों की आंखें भर गई। श्रीराम मंत्री सुमंत के साथ वन के लिए निकल जाते हैं। इसके बाद राम राम-केवट का संवाद हुआ। मंचन के दौरान मुख्य रूप से कमेटी प्रधान बिंदर चहल, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, जयवीर सिंह, संदीप चौधरी, सुशील गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, सुमित चहल, विनोद सैनी, राम बहादुर शर्मा, इन्द्र लांबा, उपप्रधान सभासद वीरेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दिले सिंह प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रबंधक पवन बैरागी, जयबीर चौधरी, सचिव शुभम लांबा, अजयपाल लाठी, महामंत्री विधि, उपमंत्री विजयपाल सैनी, और सभासद विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# निजीकरण का टेंडर निकाला तो भरेंगे जेल: संघर्ष समिति

## विद्युत कर्मचारियों ने आंदोलन के 300 दिन पूरे होने पर जनपदों में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने चेतावनी दी है कि यदि जोर जबरदस्ती करके निजीकरण का टेंडर निक. ाला गया तो टेंडर निकलते ही बिजली कर्मी समस्त जनपदों में सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारंभ कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 300 दिन पूरा होने पर मंगलवार को बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर सामूहिक जेल भरो सत्याग्रह प्रारम्भ करने का संकल्प लिया।




राजधानी लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के केंद्रीय पदाधिकारियों ने शक्ति भवन मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और कहा कि बिजली कर्मी घाटे के झूठे आंकड़े, दमन और उत्पीड़न के नाम पर किसी भी स्थिति में निजीकरण की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह विदित हुआ है कि पावर कारपोरेशन प्रबन्धन और आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के बीच यह तय हुआ है कि टेंडर की पूरी प्रक्रिया गोपनीय रखी जाय। इसके अंतर्गत पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के पांच निगम बनाकर पांच अलग अलग टेंडर निकाले जाएंगे। जिनमें एक लिंक दी जाएगी। लिंक तभी खुलेगी जब टेंडर डालने वाली निजी कंपनी पांच लाख रुपए का भुगतान करें साथ में यह शपथ पत्र भी देना होगा की लिंक खुलने के बाद आरएफपी डॉक्यूमेंट को कोई कंपनी सार्वजनिक नहीं करेगी। संघर्ष समिति ने कहा कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसो. शिएशन की निजी घरानों के साथ नियमित मुलाकात हो रही है और डिस्कॉम एसोशिएशन निजीकरण के मामले में बिचौलिए की भूमिका का निर्वाह कर रही है।

ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के बीच में आ जाने के बाद से निजीकरण के मामले में लेन देन की चर्चा भी है। संघर्ष समिति ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। ऐसे में टेंडर की पूरी प्रक्रिया और आरएफपी डॉक्यूमेंट को गोपनीय रखना बहुत गंभीर बात है और इस तरह सारी प्रक्रिया में ही भ्रष्टाचार की बू आ रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि ऐसा होता है तो यह देश के इतिहास में पहली बार होगा की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को इतने गुपचुप ढंग से बेचा जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि आरएफपी डॉक्यूमेंट को छिपाना बहुत ही गंभीर मामला है।

## संयुक्त विकास आयुक्त ने की मिशन शक्ति अभियान 5.0 की मंडलीय समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंडलायुक्त द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में आयुक्त सभागार में संयुक्त विकास आयुक्त बलिराम की अध्यक्षता में नगर विकास, महिला एवं बालक विकास, युवा कल्याण, अभियोजन, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संस्कृति पंचायत राज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। संयुक्त विकास आयुक्त ने विभागवार बनाई गई कार्ययोजना का अवलोकन किया तथा निर्देशित किया कि मंडलीय अधिकारी अपने-अपने विभाग का जनपदवार लक्ष्य निर्धारित कर समग्रता के साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यक्रमो का प्रचार-प्रसार कराया जाये।

# परीक्षितगढ़ में निकाली श्री राम की बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की गुड मंडी से भगवान श्री राम की बारात बड़े धूमधाम से निकाली। जिसका उद्घाटन समाजसेवी विनय चौधरी ने भगवान श्री राम का तिलक करके किया। बारात गुड मंडी से भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, शिव चौक मवाना स्टैंड, किठौर बस स्टैंड, गुरुद्वारा होती हुई।



हनुमान चौक पर संपन्न हुई। जिसमें बैंड बाजो पर धार्मिक भजन गाते आगे चल रहे थे साथ ही ढोल और डीजे पर नृत्य करते हुए कलाकर एक से बढ़कर एक नृत्य करते हुए चले थे, घोड़ा बग्गी में राजा दशरथ, ऋषि वशिष्ठ, ऋषि विश्वामित्र, शत्रुघ्न, राम और लक्षण, मां दुर्गा, शंकर भगवान, भी नृत्य करते हुए कलाकार बारात की शोभा बढ़ा रहे थे जगह- जगह पर पुष्प वर्षा करके नगर वासियों ने स्वागत किया वहीं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर कृष्ण चौधरी, रामकुमार नागर, प्रवीण शर्मा, सरदार मक्खन सिंह, बिजेंद्र भाटी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकल गुर्जर, महासचिव श्याम दत्त शर्मा, विष्णु अवतार रुहेला, अरूण कौशिक, नरेश शर्मा, रामनारायण शर्मा, विद्या भूषण गर्ग, राम अवतार नागर, महावीर गुप्ता, गोपाल, सुनील भूरे, राहुल शर्मा, आर्यवीर, शौर्य कॉर्नवाल, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## एसबीआई कार्ड ने खुशियां अनलिमिटेड कैंपेन के साथ की फेस्टिव ऑफर की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने खुशियां अनलिमिटेड कैंपेन की शुरुआत के साथ, पूरे देश में 2025 के फेस्टिव सीजन के लिए कई तरह के रोमांचक ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक देश के टियर 2 और टियर 3 श्रेणी के शहरों सहित 2900 से ज्यादा शहरों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट की ओर से दिए जाने वाले 1,250 से ज्यादा ऑफर्स, कैशबैक और तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये फेस्टिव ऑफर्स घरेलू सामानों, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, गहने, ई-कॉमर्स और किराना जैसे सभी प्रमुख श्रेणियों पर लागू हैं। एसबीआई कार्ड ने ईएमआई को ध्यान में रखकर मशहूर ब्रांड्स के सहयोग से कई ऑफर पेश किए हैं।

# भाजपाइयों ने जीएसटी की घटी दरों पर जताई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने नगर भ्रमण करते हुए व्यापारियों को जीएसटी की घटी दरों के बारे में बताते हुए मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा व व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनोद जैन के साथ मंगलवार देर शाम लश्करगंज, गंज बाजार, कालंद चुंगी, बिनौली रोड आदि बाजारों में पहुंच कर कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार द्वारा हटाई गई जीएसटी के दरों के बारे में व्यापारी को बताया। शिवकुमार राणा ने बताया कि जीएसटी की दरे कम होने से बाजार में तेजी आएगी। इस दौरान डाक्टर ओमवीर पुंडीर, आलोक जैन, संजीव पंवार, अरिहंत जैन, पंकज टाली आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में बढ़ते अपराध व समस्याओं को लेकर सपा का कमिश्नरी पर प्रदर्शन

**■ नदीम चौहान बोले प्रदेश चलाने में योगी सरकार विफल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी मेरठ ने कमिश्नरी पार्क में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम से एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें गन्ना मूल्य वृद्धि, गन्ना मूल्य बकाया, जीडीपी खाद, बढ़ता अपराध का संज्ञान लेने को कहा गया। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भारी संख्या में कमिश्नरी पहुंचकर हल्ला मचाया और सरकार का ध्यान प्रदेश में बढ़ते अपराध पर केंद्रित कराया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार माफिया राज की तरह प्रदेश को चला रही है, जगह-जगह अपराध बढ़ रहे हैं, जीडीपी खाद के मूल्य बढ़ रहे हैं, गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर किसान परेशान हैं, महंगाई पहले ही कमर तोड़ चुकी है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की योगी सरकार को काम चलाओ सरकार बताया। इस दौरान सपा नेता नदीम चौहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल सरकार है। इस सरकार में सिर्फ झगड़ा हो सकते हैं तरक्की का नाम और निशान इस सरकार में दिखाई नहीं देता। नदीम चौहान ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश का विकास संभव है वह अखिलेश यादव के राज में ही संभव हो सकता है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यालय प्रभारी व कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

साथ ही महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, ओमपाल गुर्जर, सम्राट मलिक, हिमांशु सिद्धार्थ, पंडित रजत शर्मा, एहतेशाम इलाही, संगीता राहुल आदि मौजूद रहे।



# महिलाएं बिना डरे बताएं अपनी समस्याः डॉ. हिमानी अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** सेवा पखवाड़ा 2025, मिशन शक्ति 5.0 व राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खरखौदा ब्लॉक के पांची गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय-2 व आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया।

महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करें, महिला आयोग हर समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, कन्या विवाह सहायता, निराश्रित महिला पेंशन, सामूहिक विवाह, मातृत्व व बालिका सहायता जैसी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर स्टॉल निरीक्षण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, बच्चों की स्मार्ट क्लास का अवलोकन और वृक्षारोपण भी किया गया। चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सिवाल में रालोद का सदस्यता अभियान पकड़ रहा जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गांव कल्याणपुर गांव उखलिना और गांव थीरोट कल्याणपुर में रोहित चौधरी के आवास पर रालोद सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जगत सिंह ने की। इस दौरान सिवाल खास के सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी का विस्तार कर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रालोद आने वाले चुनाव में प्रदेश को चौका देगी। उत्तर प्रदेश का युवा आज रालोद से जुड़ चुका है। इस दौरान सचिन चौधरी, डॉक्टर देवेंद्र जाटव, ओमकार भदौड़ा और मोनू ढिंडाला ने भी अपने विचार रखते हुए चौधरी चरण सिंह के सिद्धांत को विस्तार से बताया और पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके पर मास्टर वीरेंद्र, प्रमोद शर्मा, रविंद्र चौधरी, ऋषिपाल, हरेंद्र, सुधीर प्रधान, कल्लू, ललित, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका एवं बालक छात्रावास का डी सी वर्क ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को दयाचंद वर्क, सदस्य प्रदेश नागरिक निगरानी समिति, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, सुनीता यादव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग, मेरठ मंडल, मेरठ एवं संदीप चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जनपद गाजियाबाद एवं महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता, यूपीसिडको ने राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, साहिबाबाद एवं बालक छात्रावास भोपुरा, गाजियाबाद में चल रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। जहां पर छात्रावास अधीक्षक डीएस नेगी, ठेकेदार प्रतिनिधि और कुछ छात्राएं-छात्र मौजूद मिले। साहिबाबाद छात्रावास में निरीक्षण



समिति के पूछने पर ठेकेदार ने बताया कि वह दो सप्ताह में सब कार्य पूरा कर देंगे परंतु छात्रावास का निरीक्षण करने पर लगा कि लगभग एक माह से पूर्व कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। अब तक किए गए कार्य की फिनिशिंग और पूर्णता संतोषजनक नहीं पाई गई। पर्दे लकड़ी की छड़ी पर टंगे मिले, लोहे की अलमारियों पर पेट सही नहीं किया गया मिला, खिड़कियों पर पेट नहीं किया गया मिला, मच्छर जाली नहीं लगाई गई, लोहे के चैनल जाम पड़े मिले, वस्तुतः बिल ऑफ क्वांटिटी और कराए गए कार्य में अत्यधिक अंतर मिला। सबसे आपत्तिजनक जानकारी ये प्राप्त हुई कि इतने आधे अधूरे कार्यों के शेष रहते हुए, संपूर्ण कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। निरीक्षण समिति ने कार्य पूर्ण होने के प्रमाण पत्र को निरस्त करने तथा सभी अधूरे और निम्न गुणवत्ता वाले कार्यो को सही ढंग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद छात्रावास के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान और प्रेरणा से चलाए जा रहे, एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण के महा अभियान को आगे बढ़ते हुए, निरीक्षण समिति के सदस्यों ने आम के वृक्षों का पौधारोपण किया। उसके बाद निरीक्षण समिति ने भोपुरा स्थित बालक छात्रावास का निरिक्षण किया।

# मेगा शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं का हुआ निवारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. उपभोक्ताओं की सुविधा एवं उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु लगातार, विशेष मेगा कैम्पों का आयोजना कर रहा है। डिस्कांम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु खण्ड स्तर पर मेगा कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं, इन कैम्पों में उपभोक्ताओं के बिल संशोधन, मीटर बदलने, नये संयोजन हेतु आवेदन आदि समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित मेगा शिविरों में हजारों विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निवारण किया गया और करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। 22 सितंबर एवं 23 सितंबर को आयोजित हुए मेगा शिविरों में स्थानीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बात-चीत कर, उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी व त्वरित समाधान उपलब्ध कराया। मेगा शिविरों में कुल 4401 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 3604 आवेदनों का तत्परता से निस्तारण कर दिया गया शेष आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। इसके अतिरिक्त मेगा शिविरों में 19027 उपभोक्ताओं से 950.40 लाख की राजस्व वसूली हुई तथा 741 संयोजनो का 820 कि.वा. लोड बढ़ाया गया। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मेगा कैम्पों मे भाग लेकर अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान करायें। अधिक जानकारी हेतु उपभोक्ता विद्युत हैल्प लाईन नंबर 1912 या नजदीकी विद्युत खण्ड/उपखण्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# आजम खान की रिहाई की खुशी में सपाइयों ने बांटे लड्डू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/सरधना।** समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता पूर्व सांसद व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जेल से रिहाई को लेकर जेल चुंगी स्थित पार्टी कार्यालय पर सपाइयों ने जमकर आतिशाबाजी की और मिठाई बांटी। विपिन चौधरी ने सभी का मुंह मीठा कराया और कहा कि आजम खान की रिहाई से उत्तर प्रदेश में पार्टी को नई जान मिलेगी। वहीं सरधना नगर में भी आजम खान की रिहाई पर उनके समर्थकों ने मिठाई बांटते हुए जश्न मनाया। इस दौरान समर्थकों ने कहा कि आजम खान पर सरकार द्वारा लगाए गए फर्जी मुकदमों की वजह से उन्हें 23 महीनों तक जेल में बंद रहना पड़ा। कोर्ट द्वारा जमानत मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस दौरान पूर्व मुख्तार खान, अजहर फरीदी, वकील अहमद, तनसीर अहमद, रागिब अंसारी, हमीद



अब्बासी आदि मौजूद रहे। वहीं आजम खान की रिहाई पर सरधना नगर अध्यक्ष अशरफ राणा के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि आजम खान ने प्रदेश और शिक्षा के क्षेत्र में जो काम किया है उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा सरकार ने उनके ऊपर झूटे मुकदमे लगाकर 23 महीनों तक जेल में रखा लेकिन कोर्ट की तरफ से जमानत मिलने से उनके समर्थकों ने खुशी का इजहार करते हुए जश्न मनाया। इस दौरान अशरफ राणा, शाहवेज अंसारी, ललित गुर्जर, चांद खान, मंजूर मलिक, शाहिद मलिक, अनीस कुरैशी, रिंकू शम्भू, शाकिर कुरैशी, इकराम अंसारी आदि मौजूद रहे।





# सरधना नगर पालिका ने निकाली प्लास्टिक मुक्त रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शासन के आदेश पर चलाएं जा रहें स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को नगर में प्लास्टिक मुक्त रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। रैली में स्कूल-कॉलेज की छात्राओं ने भी बढ-चढ़कर हिस्सा।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद चेयरमैन शकीला अंसारी व ईओ दीपिका शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा के अंतर्गत निर्देशन मे एक भव्य प्लास्टिक मुक्त शहर रैली का आयोजन किया गया। जो नगर पालिका परिषद सरधना से प्रारंभ होकर नगर के देवी मंदिर पर समाप्त हुई रैली का उद्देश्य नगर क्षेत्र के लोगों को सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभावों के विषय में बताना और प्लास्टिक का बहिष्कार करना और अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में कार्य का सहयोग करना था। रैली में स्कूली बच्चों जिसमें संत जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। रैली में नगर पालिका के सभासदगणों व नगर के सम्मानित नागरिकों, स्वयं सहायता समूह, जनप्रतिनिधियों ने अपना सहयोग देते हुए सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को अपने जीवन शैली से हटाने कपड़े और जूट के थैले को उपयोग करने की अपील की। रैली के माध्यम से नगर क्षेत्र के बाजारी क्षेत्र में दुकानदारों को अपनी दुकान/ प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज्ड प्लास्टिक से निर्मित गिलास कटलैरि, चम्मच , दोना, पत्तल आदि का प्रयोग अथवा विक्रय न करने की अपील की। रैली के समाप्ति स्थल देवी मंदिर पर नगर पालिका द्वारा कैंप लगाकर आम जनमानस को सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के दुष्परिणाम के विषय में जानकारी देते हुए होम कंपोस्टिंग बर्तन बैंक, सेंटर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, हर दिन, चार बिन के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसी के साथ पालिका द्वारा कराई जा रही समस्त गतिविधियों और 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाई जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा के विषय में भी लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर शावेज अंसारी (समाज सेवी), सभासद शहजाद सितारा, खालिद अंसारी, शाहिद मलिक, पिंकी सोम, (महिला मोर्चा) विमला अरोड़ा, गीता कश्यप, शालिनी सैनी, प्रेमलता सक्सेना, उमा त्यागी, इंदिरा जाटव, नगर पालिका कार्यालय से शिवानी शर्मा, अजमत सुल्तान, आस्था छावड़ा, फरहीन, मुनीश कुमार, सोहनवीर सिंह, जय चौबे, अमित पारचा, अमित चौटाला, ब्रजपाल सिंह, मोहन कुमार, प्रभारी जय चौबे, आशीष गोस्वामी, आकाश पारचा, अजीम सैफी, कमल कुमार, नगर पालिका टीम एवं पालिका स्टाफ एवं समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुभारती में अकादमिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में हाल ही में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें महिला स्वास्थ्य पर एक जागरूकता वार्ता व नए शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम प्रमुख रहे। इन आयोजनों का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के परिवेश से परिचित कराना था। विवि की महिला सशक्तिकरण समिति ने 'हीयर द साइलेंस फाउंडेशन' के सहयोग से 'महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता' विषय पर एक सशक्तिकरण वार्ता का आयोजन किया।

# विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर व जन-सुनवाई में 81 प्रतिशत आवेदनों का किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं न्यायपूर्ण समाधान हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। डिस्कांम द्वारा प्रत्येक मंगलवार को 'विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर' एवं जन-सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को डिस्काम हैडक्वाटर ऊर्जा भवन मेरठ के सभागार मे विद्युत विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर एवं जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को बिजली बिल से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निस्तारण, बिल संशोधन एवं मीटर से जुडी शिकायतों का समाधान, पीएम सूर्यघर योजना एवं स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी, बिल सुधार, मीटर रीडिंग सुधार, डुप्लीकेट बिल व बिल भुगतान से संबंधित सेवायें प्रदान की गई।

प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने कहा कि उपभोक्ता संतुष्टि विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से डिस्काम मुख्यालय पर, विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर एवं



जन-सुनवाई का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा हैं। डिस्काम में उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिये अब तक आठ विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर एवं जन सुनवाई का आयोजन किया गया जिनमे से 81 प्रतिशत आवेदनों का निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। 5 अगस्त 2025 से अब तक कुल 485 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 393 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित समाधान कर दिया गया है, शेष लम्बित आवेदनों के शीघ्र समाधान हेतु निर्देश दिये गये हैं। जन सुनवाई मे उपभोक्ताओं ने अधिकारियों से सीधे संवाद किया और मौके पर ही, बिल संशोधन, लो-वोल्टेज, नया कनेक्शन आदि समस्याओं का समाधान कराया। जन-सुनवाई में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिती में उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शिविर में जनपद मेरठ, हापुड़, सहारनपुर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, बिजनौर एव नोएडा आदि जनपदों के उपभोक्ताओं से कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की यह पहल, उपभोक्ताओं की भागेदारी एवं संतुष्टि पर केन्द्रित है। उपभोक्ताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों व जन-सुनवाई कार्यक्रमों में भाग लेकर, अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करें। इस अवसर पर संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त), आशु कालिया निदेशक (का. एवं प्रशा.), सगीर अहमद मुख्य अभियन्ता (एचआरए), अमित रोहिला, उपमहाप्रबंधक (लेखा), मुनीश चोपडा, मुख्य अभियन्ता, गुरजीत सिंह मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता आदि अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने आकस्मिक हुई दर्जनों मौत पर दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहसूमा।** नगर में हुई आकस्मिक मौत पर राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने बहसूमा में जाकर सांत्वना दी। राज्यमंत्री ने परिवार में जाकर ढांढस बंधाया और कहा इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ है। राज्यमंत्री ने कस्बे में समाजसेवी राजेंद्र सिंह गुर्जर के भतीजे अजय नागर तथा प्रदीप चहल के पिताजी राजेंद्र सिंह के निधन तथा प्रवीण खटीक की माता जनवेशरी के निधन पर सभासद वीरेंद्र नागर की भाभी विमला नागर के निधन पर समाजसेवी महिपाल पोसवाल की माता एवं पिताजी के निधन पर तथा मास्टर सतबीर के निधन पर कपड़ा व्यापारी वीरेंद्र गोयल के निधन पर एवं मास्टर सतबीर के निधन पर अमित पोसवाल की माता संतो देवी एवं दर्जनों आकस्मिक हुए निधन पर घर जाकर सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को कहा कि इस दुख की घड़ी में वह उनके साथ है। चेयरमैन विनोद चहल, राजपाल नागर, अमित गोयल, ऋषभ गोयल, वीरेंद्र नागर, सभासद दीपक गुर्जर, विमल चाहल, राजा देशवाल, ऋषभ कुमार, महिपाल पोसवाल, जयबीर चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

**सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड वर्ष 2024-25 की इंटरमीडिएट की मार्कशीट व अंक तालिका जिसका रोल नम्बर 2245113294 हैं रास्ते में कहीं खो गई है और काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। अगर किसी को मेरी मार्कशीट मिले तो वह मेरे मोबाईल नम्बर 9412887877 पर सूचित करें। -**कृष दीक्षित पुत्र अजय कुमार दीक्षित निवासी ब्राह्मनान इटावा रोड, बेवर, मैनपुरी।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, सरधना ( मेरठ )

पत्रांक: 823 दिनांक: 23.09.2025

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न विवरणानुसार वार्षिक ठेकों को सार्वजनिक नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि हेतु कार्यालय नगर पालिका परिषद् सरधना में की जाएगी।

| क्र. सं. | ठेके का नाम | ठेकों की सरकारी अनुमानित धनराशि | ठेका अवधि | नीलामी की तिथि | समय | अग्रिम धरोहर धनराशि | उच्चतम बोली की धनराशि जमा करने की शर्त ठेका विज्ञापन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका साप्ताहिक पैठ | 17,59,992 | 25.09.25 से 31 मार्च 2026 तक | 25.09.2025 | दोपहर 2.00 बजे तक | 5,00,000 | उक्त नीलामी दिनांक को नीलामी की अधिकतम धनराशि का 50 प्रतिशत मौके पर जमा कराना होगा व 25 प्रतिशत 3 माह के अन्दर व अवशेष 25 प्रतिशत आगामी 3 माह के अन्दर अन्दर जमा कराना अनिवार्य होगा। नीलामी की 50 प्रतिशत धनराशि मौके पर जमा न कराने पर अधिकतम नीलामी दाता की धरोहर जब्त कर ली जायेगी। |
| 2 | ठेका विज्ञापन | 1,50,000 | ठेका स्वीकृति दिनांक से 31 मार्च 2026 तक | | | 20,000 | |

अतः उपरोक्त ठेकों की नीलामी के माध्यम से क्रय करने के क्रम 1 व 2 पर अंकित ठेका हेतु जिलाधिकारी महोदय मेरठ से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र दाता व्यक्ति/समिति नियत तिथि एवं नियत समय पर ठेके के सम्मुख अंकित धनराशि बतौर धरोहर राशि जमा करा कर बोली में भाग ले सकते हैं। ठेका उपरोक्त ठेके की समस्त शर्तें व जानकारी किसी भी पालिका दिवस में देखी जा सकती है।

उपरोक्त दिनांक का नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार को पालिका कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 को प्रातः 11 बजे उपरोक्तानुसार **वर्णित शर्तों का पूर्णतया पालन करते हुए अंकन 1000 रु. व जी.एस.टी. अंकन 180 रु. कुल अंकन 1180 रु. पंजीकरण शुल्क जमा कराकर ही व पालिका से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र प्राप्त कर ही बोली में भाग ले सकेगा।**

**नोटः- उक्त ठेकों से संबंधित पूर्व में कराया गया पंजीकरण मान्य नहीं होगा।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, सरधना ( मेरठ )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् सरधना ( मेरठ )**

# नारी सम्मान पर कोई समझौता नहीं:प्रभारी मंत्री

## जनता को बार-बार चक्कर काटने की स्थिति न हो पैदा, शिकायतों का समय से होना चाहिए निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने अपने दो दिवसीय बागपत प्रवास के दौरान मंगलवार को विकास, कानून व्यवस्था और राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय अधिका. रियों को साफ चेतावनी दी कि योजनाएँ केवल कागज़ों में नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए, लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाए जाएँ। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सबसे बड़ी चिंता का विषय होता है जिसमें विभाग द्वारा कैंप लगाकर मिशन मोड में बुजुर्गों तक पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा एवं इलाज की गारंटी पहुंचाने की आवश्यकता है। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को बार-बार चक्कर काटने की स्थिति पैदा न हो, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में देरी या उपेक्षा जनता के जीवन से खिलवाड़ है और ऐसी स्थिति स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों की शिकायतों पर उन्होंने अधिका. रियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पात्र गरीब परिवारों को घर मिलना चाहिए न कि उन लोगों को जो पहले से सक्षम हैं। उन्होंने चेता. वनी दी कि इस योजना में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को ही लाभ मिले इसके लिए कड़े निर्देश दिए। पात्र परिवार को लाभ से वंचित करना या अपात्र को लाभ पहुँचाना, दोनों ही अपराध की श्रेणी में गिने जाएंगे। निपुण भारत में 10वीं रैंक और मिड-डे-मील योजना में 'सी' से 'बी' रैंक तक सुधार पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभी बहुत कार्य करना है। इसलिए विभाग नियमित रूप से रैंकिंग में सुधार हेतु कार्य करे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षक समय से पहुंचे, बच्चों की उपस्थिति और भोजन की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखी जाए। बच्चों की शिक्षा और पोषण में समझौता किसी भी स्तर पर नहीं चलेगा। मंत्री ने कहा कि युवाओं को अवसर देना सरकार की ज़िम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने ओपन जिम युवाओं के स्वास्थ्य और अनुशासन के लिए उपयोगी हैं, लेकिन उनकी हालत खराब नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ह्युवा मज़बूत तो राष्ट्र मज़बूत। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत धोबी ट्रेड में 25 लाभार्थियों को प्रशिक्षण मिला जिन्हें प्रभारी मंत्री द्वारा टूल किट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में किसानों की समस्याएँ भी सामने आईं। किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा मिले। सिंचाई और जल निकासी की समस्याएँ तुरंत हल की जाएँ। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिला. धिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, भाजपा जिलाध्यक्ष आदि माजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया किरठल गौशाला का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किरठल गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर गोपूजन किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 255 गोवंश पाए गए, जिनमें 149 नर एवं 106 मादा गोवंश सम्मिलित हैं।

गौशाला में हरा चारा 80 कुंतल, चोकर 7 कुंतल एवं साइलेज 30 कुंतल उपलब्ध पाया गया। परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। मंत्री ने निर्देशित किया कि गौशाला में स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बनी रहनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि चिकित्सक प्रतिदिन गौशाला का दौरा करें और नोडल अधिकारी नियमित रूप से निगरानी बनाए रखें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद कुमार ात्रिपाठी भाजपा जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय सहित आदि उपस्थित रहे।

## पेड़ पर व्यक्ति का शव लटका मिलने से सनसनी, पुलिस मामले की जांच जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बालैनी थाना क्षेत्र में एक पेड़ पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर निवासी 50 वर्षीय धनपत के रूप में हुई। धनपत बालैनी में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। खेत में काम कर रहे किसानों ने पेड़ पर लटका शव सबसे पहले देखा। इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ खेकड़ा रोहन चौरसिया के अनुसार शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद में 15 साल बाद डीटीसी बसों की सौगात देने वाले सांसद का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सांसद डा.राजकुमार सांग. वान का राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ किया स्वागत। जनपद को 15 साल बाद डीटीसी बसों की सौगात देने वाले सांसद नगर की छपरौली चुंगी मलकपुर रोड पहुंचने पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इरफ़ान मलिक के नेतृत्व मे सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की तस्वीर के साथ बुके भेट कर फूलो की मलाओ से किया स्वागत। इस मौके पर सांसद ने कहा कि जनपद की प्रत्येक समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं के साथ है।

इस मौके पर हलीम, उमरजान खान, लियाक़त चौधरी, हाफिज सुबराति, इक़बाल सैफी, सला. उद्दीन, विकास चौधरी, आरिफ कुरैशी, नदीम समीर मुल्तानी, असलम मिर्जा, कक्के पंजाबी, सावेज कुरैशी, सलमान कुरैशी, तस्लीम मलिक, समीर मलिक, हनि मलिक, रहीस मुल्तानी, इस्लाम अल्वी आदि मौजूद रहे।



## जीएसटी सुधार से कारोबार और आसान होगा: केपी मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भाजपा ने 22 से 29 सितंबर तक जीएसटी बचत उत्सव चलाने का ऐलान किया है। इस अभियान के तहत सांसद व मंत्री अपने क्षेत्रों में पदयात्रा करेंगे। और जीएसटी के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों और आम जनता को इस सुधार से होने वाले फायदे बताना है।



दूसरे दिन राज्य मंत्री केपी मलिक ने मंगलवार को नगर में जीएसटी उत्सव के दौरान पद यात्रा की। वे पदयात्रा के दौरान दुकानदारों से मिले। मंत्री ने लोगों को नए जीएसटी सुधारों के फायदे बताए और आगामी त्योहारों पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरें घटने से बाजार मजबूत होंगे, खपत बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कारोबार और आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार से जो जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ है, इस उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। कहा कि गरीब मध्यम वर्ग के लोगों से लेकर युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी और उद्ममी सभी को बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन त्योहारों पर सभी परिवारों के लिए खुशी दी है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान गौरव, राकेश, अमित, रविन्द्र, पवर्न, जागेश आदि मौजूद रहे।

## युवकों द्वारा दुकान पर लगाए गए धार्मिक पोस्टर को दुकानदार ने फाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पांडव रोड पर एक दुक. ानदार द्वारा धार्मिक पोस्टर फाड़े जाने का मामला सामने आया है। कुछ युवकों द्वारा दुकान पर लगाए गए धार्मिक पोस्टर को दुकानदार ने फाड़ दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अभी तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस क्षेत्र में सतर्क है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है।

## अखंड ज्योत लेकर शिव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में सहारनपुर जिले के शाकुंभरी देवी के दर्शन करके अखंड ज्योत लेकर शिव मंदिर में पहुंचे, जहां लोगों ने श्रद्धालुओं का मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विपिन कौशिक मोहित त्यागी आकाश कश्यप समाजसेवी सचिन शर्मा गजेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उनके साथ अनिल कौशिक ने मुख्य भूमिका निभाई।

इस मौके पर समाजसेवी सचिन शर्मा ने बताया कि 5 वर्ष से मां शाकुंभरी देवी के दर्शन करके सिद्ध पीठ भुरा देव स्थल पर ध्वजारोहण किया जाता है। सबसे पहले प्रसाद वहीं पर चढ़ाया जाता है सिद्ध पीठ भुदेव पर प्रसाद चढ़ाने के बाद उनके दरबार में मस्तक झुकाते हुए इसके उपरांत मां शाकुंभरी देवी पर प्रसाद चढ़ाया जाता है तभी जाकर भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। अगर सबसे पहले सिद्ध पीठ भुरा देव के दर्शन नहीं किए गए तो मां शाकुंभरी देवी दर्शन नहीं देती है। ऐसी संस्कृति हिंदू रीति रिवाज के अनुसार यह मान्यता परंपरा से चली आ रही है। इसी के साथ-साथ बरसात गांव के आकाश कश्यप समाजसेवी ने बताया कि बरसात गांव से आदिलाबाद होते हुए हमारी टीम शकुमारा देवी पर गई थी। वहीं पर सिद्ध पीठभैरव बाबा के दर्शन करके वापस लौटकर गांव में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। अखंड ज्योत नवरात्रों पर 9 दिन तक माता देवी के दरबार लगाकर घर में दिन-रात उपवास रखकर अखंड ज्योत जलाई जाती है। रोजाना की तरह सुबह-शाम माता का गुणगान करते हुए भजन कीर्तन आरती पूजन किया जाता है। शाम के समय माता के दर्शन के समय आरता री आरता सांझी माई आरता आरता के फुल चमेली की डाली जैसे शब्दों के साथ कन्याऐ सांझी माई का आरता करती है और माता रानी का गुणगान करते हुए भजन कीर्तनों के साथ माता की ज्योत जलाकर अपना उपवास खोलतीं है। इस संबंध में अनीता कौशिक का कहना है कि महिलाओं के साथ पुरुष भी माता रानी का गुणगान करके उपवास रखते हैं वह पूजा अर्चना करने के उपरांत अपना उपवास खोलते हैं। 9 दिन तक घर में पूजा अर्चना भजन कीर्तन करते हुए माता रानी का भोग लगाया जाता है।

## एंटी-लार्वा छिड़काव व फॉगिंग का समय से किया जाए कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जनपद के समस्त नगर निकायों नगर पालिका परिषद बागपत खेकड़ा बड़ौत एवं नगर पंचायतों रटोल अमीनगर सराय, टटीरी आदि सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक एंटी-लार्वा छिड़काव, फॉगिंग एवं साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया।



जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि आगामी शारदीय नवरात्रि एवं अन्य त्यौहारों को देखते हुए स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक गांव एवं नगर में नियमित साफ-सफाई, नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण तथा एंटी-लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही होगी, ऐसे में किसी भी सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल अथवा गली-मोहल्लों में गंदगी एवं जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी स्थान पर गंदगी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिक. ारी न कहा कि साफ-सफाई के अभाव में बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका रहती है, इसलिए सभी अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गांव एवं नगर में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बना रहे।

## अमावस्या पर वंशजों को तर्पण के साथ विदा करते हुए किया देवताओं का गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र में यमुना नदी के किनारे दर्जनों गांव के परिवारों ने प. आचार्य संदीप की अगुवाई में विधि विधान के साथ मंत्रों का जाप करते हुए अपने वंशजों को एक वर्ष के लिए पिंडदान करते हुए अपने देव पितरों को अपने घर से विदा अमावस्या के दिन किया है। देव पितरों अगले वर्ष फिर हमारे घर में विराजमान हो जाना यही हम अपने भूले बिसरे देव पितरों के चरणों में नमन किया। 2025 को अमावस्या पर अपने-अपने वंशजों को तर्पण के साथ विदा करते हुए अपने देवताओं का गुणगान किया विधि विधान के साथ आचार्य संदीप गौतम ने अपनी टीम के साथ देव पितरों को उनके प्रस्थान के लिए रवाना किया। इस अवसर पर छपरौली रोड मलकपुर रोड स्थित शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए जाने माने विद्वान शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय के संस्थापक आचार्य पंडित संदीप गौतम ने बताया कि अमावस्या के दिन सभी देव पितृ अपने वश जनों के घर से विधि विधान के साथ विदा हो गए हैं अब सभी देव देवता अपने स्थान पर विराजमान है उनके स्थान पर ही उनके वंश जन उनको स्नान करते हुए वहीं पर विधि विधान के साथ उनकी पूजा अर्चना करते हैं। अमावस्या के बाद नवरात्र शुरू हो जाते हैं अब नवरात्र के समय नौ देवियों की पूजा शुरू हो जाती है। आज सभी घरों में नौ देवियों की पूजा शुरू हो गई है।

## किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर हो:सैनी

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** मंगलवार को जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रशासनिक अधिका. रियों और किसान यूनियन के सम्मानित सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में जिले में बने राष्ट्रीय राजमार्गों की खराब स्थिति, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, भूमि अधिग्रहण, सिंचाई, बिजली आपूर्ति, पेयजल, जल निकासी और मुआवज़ा जैसी किसानों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तभी सार्थक होंगे जबअन्नदाताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना और समयबद्ध तरीके से हल किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव की सड़क ही गांव की अर्थव्यवस्था की धुरी होती है। सड़कें यदि गढ्ढामुक्त और गुणवत्तापूर्ण होंगी तो विकास की रफ़्तार तेज़ होगी। उन्होंने NHAI और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क और पुलों के निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। खराब निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की सफलता तभी है जब जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिले। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुँचे और किसी को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। समस्याओं का अनुश्रवण कर मौके पर ही संबंधिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को किसानों के साथ नियमित बैठक कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, एनएचएआई बागपत व गाजियाबाद परियोजना निदेशक व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, किसान यूनियन जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह गुर्जर पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गांव की सड़क ही गांव की अर्थव्यवस्था का आधार है:जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने कहा कि गांव की सड़क ही गांव की अर्थव्यवस्था का आधार है, गढ्ढे नहीं विकास की राह दिखनी चाहिए। उन्होंने एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि सड़कों और पुलों की गुणवत्ता पर कोई समझौता न किया जाए और किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी बात सुनी जाए। साथ ही, बिजली आपूर्ति में अघोषित कटौती खत्म करने और पेयजल योजनाओं की खराब स्थिति सुधारने पर भी जोर दिया। लूट और चोरी की घटनाओं में कमी पर संतोष व्यक्त किया एवं पुलिस विभाग को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनपद को मिली फॉरेंसिक लैब का पूरा उपयोग कर अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। मिशन शक्ति पंचम चरण अभियान पर माव प्रभारी मंत्री ने कहा कि नारी सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हेल्पलाइन नंबरों को सक्रिय रखें, शिकायतों का त्वरित समाधान हो। गांव गांव तक जागरूकता अभियान संचालित कर महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने साफ कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि त्योहारों में अलर्ट रहें और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। मिशन शक्ति अभियान गांव-गांव पहुँचाना होगा। हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रहें और महिलाओं की शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान पर कोई समझौता नहीं, अपराधियों पर सीधा प्रहार होना चाहिए।

### गांव और शहर दोनों में स्वच्छता को बनाया जाए जनआंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री ने कहा कि गंदगी और बीमारी का सीधा संबंध है। गांव और शहर दोनों में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया जाए। नालियाँ साफ हों, कूड़ा खुले में न सड़े और प्रत्येक मोहल्ला स्वच्छता का उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य, और स्वास्थ्य से ही समृद्धि संभव है। गली-मोहल्लों में नालियां साफ हों, कूड़ा ढेर में न सड़े और लोग बीमारियों का शिकार न हों। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कार्यालयों में आने वाले लोगों को सम्मान और सही जानकारी मिले। उन्होंने साफ कहा कि लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के चक्कर न काटने पड़े। अपने विभाग के कार्यों, योजनाओं की प्रगति आदि पर पूर्ण नजर रखे। भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सरकार की नीति शून्य सहिष्णुता की है। जनता को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, योजनाओं का लाभ सीधे पात्तक पहुँचे ख्र यही अच्छे शासन की कसौटी है। अपने समापन संबोधन में मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना ही प्रशासन की असली कसौटी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करें, समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करें और कार्यों का ठोस परिणाम जनता को नज़र आए। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है यानी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, स्वच्छता और कानून व्यवस्था इनमें से किसी भी क्षेत्र में लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने विभाग का विजन डॉक्यूमेंट बनाकर समय-समय पर उसकी समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण करें और कार्यों का ठोस परिणाम जनता को नज़र आए।

### प्रतिदिन किसने की 12से 3तक समस्या सुने और उनका समाधान करें अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जनपद के परियोजना निद. ेशक को निर्देशित किया कि वह प्रतिदिन किसने की 12से 3तक समस्या सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। किसानों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए और उनके साथ अच्छा समन्वय स्थापित किया जाए। मंत्री ने दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर हो रहे है। गढ्ढे और सिसाना और बबली जैसी जल भराव और गहरी गढ्ढो पर नाराजगी व्यक्त की और राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र ही ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और कहा कि सरकार किसानों की हर उचित मांग के साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सिंचाई, जल निकासी और मुआवज़े जैसी समस्याओं का समाधान मिशन मोड में किया जाएगा। प्राकृतिक आपदा या अधूरी परियोजनाओं से प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिलनी चाहिए।

### जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-II एवं IV तथा आयुर्वेद, औषधि एवं स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.इन्दु (प्रोग्राम ऑफिसर, एनएसएस इकाई-IV) के निर्देशन में हुआ। डा. इंदु ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा ही नहीं, बल्कि छात्रों में जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाना भी है। आयुर्वेद दिवस का आयोजन छात्रों को प्राकृतिक औषधियों के महत्व और उनकी उपयोगिता से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आसिफ व उसकी पत्नि रिजवाना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सलीम पुत्र रफूदीन निवासी अंगदपुर थाना बिनौली जनपद बागपत।

# पुलिस ने खुलवाया बंद मंदिर का ताला

## दो पक्षों में हुए विवाद के बाद से नहीं खुला था मंदिर का पट, पुलिस ने ताला खुलवाकर सामूहिक आरती में लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के मौहल्ला पन्नापुरी में सोमवार को एक मामूली कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। मंदिर के पुजारी का मोबाइल छीनने के आरोप को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसके चलते नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को मंदिर का पट नहीं खुल सका। मंदिर का पट नहीं खुलने की सूचना मिलते ही देहात प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय लोगो से बातचीत कर पूरे विवाद की जानकारी ली और तत्काल मंदिर का ताला खुलवाया। इतना ही नहीं थाना प्रभारी ने सामूहिक रूप से हुई आरती कमें भी हिस्सा लिया। थाना प्रभारी की इस पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को हुई मारपीट की घटना के बाद पुजारी डर की वजह से मंदिर नहीं आए, जिससे सुबह पूजा-अर्चना के लिए आए श्रद्धालुओं को निराशा हुई। खासकर, महिलाएं जो सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए इंतजार कर रही थीं, उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबे इंतजार के बाद भी जब मंदिर नहीं खुला, तो मोहल्ले के लोगों ने देहात थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही, थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने स्थानीय लोगो से बातचीत कर पूरे विवाद की जानकारी ली और तत्काल मंदिर का ताला खुलवाया। पुलिस ने सिर्फ ताला ही



नहीं खुलवाया, बल्कि स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर की साफ-सफाई भी की, ताकि पूजा शुरू हो सके। इसके बाद, सामूहिक रूप से आरती की गई, जिसमें थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने भी हिस्सा लिया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने पुजारी को भी मौके पर बुलवाया और उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया, ताकि वह बिना किसी डर के मंदिर में पूजा-पाठ कर सकें। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और पूजा-अर्चना शुरू हो सकी। स्थानीय लोगों ने पुलिस का आभार व्यद्र किया, क्योंकि उन्होंने न सिर्फ विवाद सुलझाया, बल्कि लोगों की आस्था का भी सम्मान किया।

# खेत से घर लौट रहे किसान पर हमला, किसान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में खेत से अपने घर वापस लौट रहे किसान पर गंदे पानी के विवाद में धारदार हथियार से हमला कर किसान को घायल करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार देहात थाना क्षेत्र के गांव ददायरा निवासी किसान अरुण खेतों से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक ग्रामीण ने गंदे पानी के विवाद में किसान अरुण पर तसले से हमला कर दिया। जिसमे किसान गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर गए। किसान की मां के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल अरुण को तुरंत हापुड़ के देवनंदिनी



अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल का हाल जाना। तो वही घायल किसान के पिता का आरोप है कि दो दिन पूर्व भी कुछ लोगों ने किसान अरुण के साथ मारपीट की थी। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि संबंधित मामले में गहनता से जाँच की जा रही है। जाँच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जाँच जारी है।

# नवजात शिशु को मृत बताकर रुपये ऐंठने का अस्पताल पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को क्षेत्र के एक अस्पताल में एक नवजात शिशु को लेकर जमकर हंगामा हुआ। शिशु के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उनका बच्चा मर चुका है, लेकिन अस्पताल लाखों का बिल बनाने के लिए उसे वेंटिलेटर पर रखे हुए है।

मिली जानकारी के अनुसार चार दिन पहले पैदा हुए बच्चे को बुखार और पीलिया के चलते क्षेत्र के देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चा गंभीर हालत में था, इसलिए उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। लगभग 36 घंटे तक इलाज चला, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि डॉक्टर उन्हें बच्चे से मिलने नहीं दे रहे हैं और बच्चा मर चुका है। हंगामे की सूचना पर थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने बच्चे के पिता के साथ जाकर देखा, तो बच्चा हरकत कर रहा था और उसकी धड़कनें भी चल रही थीं। इसके बावजूद, परिजनों ने कहा कि बच्चा केवल मशीनों के सहारे चल रहा है और उसे बिना मेडिकल सपोर्ट के दिखाया जाए। इस पर अस्पताल ने बच्चे को डिस्चार्ज करने की तैयारी की। 36 घंटे के इलाज का कुल 16,800 रुपये का बिल बनाया गया। परिजनों ने पहले ही 10,000 रुपये जमा कर दिए थे, और अस्पताल ने बाकी के 6,800 रुपये माफ कर दिए। एम्बुलेंस से बच्चे को ले जाते समय परिजन फिर हंगामा करने लगे। उन्होंने बच्चे की धड़कनें दिखाने की मांग की। इस



दौरान अस्पताल में ही जाँच कराई गई, जिसमें बच्चे की धड़कनें चलती पाई गईं। इसके बाद परिजन बच्चे को दूसरे अस्पताल में ले गए। वहाँ डाक्टर ने खुद स्टेथोस्कोप से बच्चे की धड़कनें पिता को सुनाईं, तब जाकर उन्हें यकीन हुआ कि उनका बच्चा जीवित है। इसके बाद, परिजन बच्चे को मेरठ के एक अस्पताल ले गए। तो वही दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन ने डेढ़ लाख रुपये के बिल के आरोपों को पूरी तरह से झूठा बताया है। उनका कहना है कि बच्चे का इलाज पूरी गंभीरता से किया गया था।

# आवासीय योजना में पत्रकारों को आवास दिलाने की उपजा ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने मंगलवार को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपते हुए जिले के पत्रकारों के लिए आवासीय योजना में प्लाट/आवास उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। मंगलवार को उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले जिले के पत्रकारों ने हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नितिन गॉड से मुलाकात की और जिले के पत्रकारों को आवासीय योजना में प्लॉट/आवास उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। इस दौरान उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नितिन गॉड के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं नगरों में कार्यरत पत्रकारों का एक प्रतिनिधि संगठन है। पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ होते हुए लोकतंत्र की मजबूती में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। लेकिन अधिकांश पत्रकारों की आर्थिक स्थिति सामान्य होती है, जिसके कारण उन्हें उचित एवं सुरक्षित प्लाट या आवास की सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न वर्गों के लिए आवासीय योजनाएँ चलाई जाती हैं। जिसके अंतर्गत पत्रकारों के लिए भी विशेष कोटे के अंतर्गत प्लाट या आवास उपलब्ध कराए जाएँ जिससे वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर



सकें। पत्रकारों ने मांग की है कि हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण पत्रकारों के हितों को मद्देनज़र रखते हुए वर्तमान/आगामी आवासीय विकास योजनाओं में पत्रकारों हेत आरक्षित कोटा सुनिश्चित करें। हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नितिन गॉड ने उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन की इस मांग को शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रवीण शर्मा, नवीन गौतम, भरत शर्मा, अवनीश पाल, नदीम नक़वी अनुज सिंह, शाहरुख़ खान, सुशील शर्मा समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# व्यापारियों को नेक्स्ट जेन जीएसटी की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर मंडल द्वारा मंगलवार को नेक्स्ट जेन जीएसटी अभियान के तहत व्यापारियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापारियों को इस नई जीएसटी प्रणाली के लाभों से अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने मुख्य वक्ता के रूप में व्यापारियों को बताया कि नेक्स्ट जेन जीएसटी व्यवस्था व्यापार और आम जनता दोनों के लिए अधिक पारदर्शिता और सुगमता लाने वाली है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, पूर्व सभासद विकास तोमर, मंडल उपाध्यक्ष कमल कंसल तथा अभियान के सहसंयोजक अंकुर गहलोत ने भी अपने विचार रखे। अभियान में शिवम गिरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिर में हुआ विशेष हवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा मंगलवार को नवरात्रि के दूसरे दिन एक विशेष हवन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में ईश्वर टेक्सटाइल परिवार के सुभाष चंद ने जजमान की भूमिका निभाई। जजमान ने विधिवत रूप से हवन-पूजन संपन्न कराया, मां का श्रृंगार किया और चरणों में माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि नवरात्रि के सभी नौ दिनों तक प्रतिदिन हवन और श्रृंगार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था और सहयोग से मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष केशव शर्मा, मंत्री राहुल मित्तल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

## एक नजर

### अवैध चाकू के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना अध्यक्ष पटनीश कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देशन में लगातार थाना क्षेत्र में अपराधियों की धर पकड़ हेतु पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लगातार पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त भी किया जा रहा है और लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के धौलाना रोड फल मण्डी के पास से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब तक युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में संदिग्ध युवक की पहचान सुहैल पुत्र आबिद निवासी ग्राम सिखेडा थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया है और संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### गैंगस्टर में फरार बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी के निर्देशन में जिले में लगातार अपराधियों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे बदमाश संजय पुत्र ब्रजपाल उर्फ बृजपाल निवासी गौशाला वाली गली राजीवनगर निकट शिव मन्दिर कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को सिकन्दरपुर भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किया गया बदमाश गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहा था जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और बच्चों को मिला निशुल्क इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पबला रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को सशक्त नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने किया। शिविर में बाल रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला और मानसिक रोग जैसे विभिन्न विशेषज्ञताओं के डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं और बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे शिविर समाज की महिलाओं को सीधा लाभ पहुँचाते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को न केवल स्वास्थ्य परामर्श और उपचार की सुविधा मिली, बल्कि उन्हें आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। इस स्वास्थ्य पहल की लोगों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर डा. चंद्रभान सिंह तोमर, डा. प्रियंका दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

### चेकिंग के दौरान चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग और गश्त लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को पीर नगर सूदना से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान सतेन्द्र सैनी पुत्र नेत्रपाल सैनी निवासी पीरनगर सूदना ताना हापुड देहात जनपद के रूप में हुई है। युवक की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड देहात पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नाबालिग को शराब पिलाकर की अश्लील हरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के पन्नापूरी मोहल्ले में एक नाबालिग लड़के के साथ घिनौनी हरकत का मामला सामने आया है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। पीड़ित के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 18 सितंबर 2025 की शाम को उनके नाबालिग बेटे को आरोपी रमन पुत्र सोनू ने मोहल्ले के एक स्कूल के पास बुलाया। वहाँ पहले से मौजूद भारत पुत्र बब्बू, यश पुत्र देवेंद्र और वंश की माँ संतोष ने मिलकर उसे शराब पिलाई। जब वह नशे में था, तो चारों ने मिलकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। आरोप है कि आरोपियों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाया और पीड़ित परिवार को धमकी दी कि अगर उन्होंने पुलिस को बताया, तो वे इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। अब यह वीडियो व्हाट्सएप पर फैल चुका है, जिससे पीड़ित परिवार सदमे और डर में है। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की भी धमकी दी है। नाबालिक लड़के के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत पर संबधित मामले में चार लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई हैं। पुलिस पीड़ित परिवार को सुरक्षा भी दे रही है और वायरल वीडियो की भी जाँच कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुई दुष्कर्म की घटना निंदनीय: बब्लू गुर्जर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयो की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बब्लू गुर्जर ने की तथा संचालन जिला प्रवक्ता आजाद आज़ाद ने किया। बैठक के दौरान दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुई दुष्कर्म की घटना पर रोष व्याप्त करते हुए इसे पुलिस प्रशासन की असफलता बताया। इस दौरान जिला अध्यक्ष बबलू गुर्जर ने कहा कि जिले में मानकों के विपरीत ओयो होटल देह व्यापार के अड्डे बन गए है। जिन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार बेटियों को सुरक्षा देने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर सरकार की पुलिस खुलेआम अपने संरक्षण में मानव के विरुद्ध ओयो होटल खोलने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता अनिल आजाद ने कहा कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों को ले जाकर उन्हे होटल में रखना और उनके साथ बलात्कार की घटना कारित करना एक जघन्य अपराध है। जिसकी हम निन्दा करते है ओर इस घटना के शामिल आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। लेकिन थाना पुलिस होटल मालिक और संचालक को एफआईआर में मुलज़ीम न बनाकर उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा कि हापुड़ पुलिस में अधिक से अधिक ओयो होटल खुलवाने और अधिक से अधिक कमाई करने की होड़ लगी है। जबकि सब जानते हैं कि ओयो होटल देह व्यापार का अड्डा बनकर समाज में गंदगी फैला रहे है। समाजवादी पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इकबाल कुरैशी ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित बच्चियों के साथ है उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लगाई तो वह आंदोलन करेंगे। इस मौके पर अख्तर मालिक, सीमा तनेजा, अयूब सिद्दीकी अयूब सिद्दीकी, राजेश कुमार यादव, एडवोकेट पुरुषोत्तम वर्मा, एडवोकेट मनोज भैया, आदेश गोस्वामी, आज़ाद अल्वी, तेजपाल प्रमुख, मुन्नी यादव रेशमा यादव आदि मौजूद रहे।

# दो बाईकों की भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में गांव पिपलेडा के पास डासना मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक ने अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक हवा में उछलकर दूर जा गिरे। गनीमत रही कि तीनों की जान बच गई, लेकिन वे गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी हालत स्थिर है।

जानकारी के अनुसार धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा में डासना मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहाँ तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने



घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जहाँ डॉक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक गांव पिपलेड़ा की तरफ से आ रही एक धीमी गति की बाइक को सामने से आ रही तेज र1तार स्पोर्ट्स बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिर गए और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे के बाद गांव के लोगों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि डासना मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार गाड़ियों की वजह से ऐसे हादसे होते रहते हैं।

उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर निगरानी बढ़ाने और वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित करने की मांग की है। पिलखुआ सीओ अनीता चौहान ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराई कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ रोड पर स्थित पटना मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

इस दौरान सड़क पर गुजर रहे दो बाइक सवार बाल बाल बच गए। वरना एक बड़ा हादसा भी हो सकता था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर डगमगाने लगी और दो बाइक सवारों की तरु बढ़ने लगी। बाइक सवारों ने सूझबूझ से काम लेते हुए तुरंत खुद को सड़क किनारे हटा लिया, जिससे वे टक्कर से बच गए।



इसके बाद कार सड़क किनारे लगे एक बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर काफी जोरदार थी। गनीमत रही के इस हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

हादसे के बाद बाइक सवारों ने रुककर कार सवारों का हालचाल पूछा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक से पूछताछ की। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गढ़ रोड का पटना मोड़ हादसों के लिए एक संवेदनशील जगह है और यहां अक्सर तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने अधिकारियों से इस मोड़ पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की है।

# हादसा नहीं हत्या थी रोजगार सेवक की मौत

## पूर्व प्रधान समेत तीन हत्यारोपी गिरफ्तार, बुलैरो, बाइक व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रोजगार सेवक की दुर्घटना में मौत नहीं हुई थी बल्कि चुनावी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अपनी बुलैरो कार से टक्कर मारकर उसे मौत की नींद सुला दिया था। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मूंढ़ाखेड़ा निवासी राजकुमार रोजगार सेवक थे। 30 अगस्त की शाम वह अमरोहा ब्लॉक से विभागीय काम निपटाकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। भेड़ा भरतपुर के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल हुए राजकुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने रोजगार सेवक राजकुमार का अंतिम संस्कार कर दिया था। मृतक के बेटे सजल ने बाद में प्रधानी चुनाव की रंजिश में पिता की हत्या की आशंका जताई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह व उसके भाई जितेंद्र के अलावा चार-पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो सामने आए सुबूत ने हादसे को हत्या का रूप दे दिया।



बाकी काम एसओजी-सर्विलांस टीम ने पूरा कर दिया। रूट ट्रैक करने पर संदिग्ध बोलेरो ने पुलिस के शक की सुई को पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह की तरफ मोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने राजकुमार हत्याकांड का खुलासा किया। बताया कि मामले में मुकदमे में नामजद वीरेंद्र सिंह के अलावा रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव आरकपुर माफी उर्फ आरिफपुर के रहने वाले अंकुर तथा गजरौला के मोहल्ला जवाहर नगर के रहने वाले बिट्टू की गिरफ्तारी की गई है। हत्यारोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई बोलेरो के अलावा एक बाइक व कुछ नकदी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक करीब चार साल पहले तक हत्यारोपी पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह और मृतक रोजगार सेवक राजकुमार एक साथ ही प्रॉपर्टी का काम करते थे। राजुकमार के गांव की एक महिला से संबंध थे। जिसे घुमाने के लिए राज. कुमार अक्सर वीरेंद्र सिंह की गाड़ी का इस्तेमाल किया करता था। आखिर में डर की वजह से वीरेंद्र सिंह ने राजकुमार को गाड़ी देने से मना कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच गांव के मंदिर निर्माण में लगे पैसों लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद से ही दोनों के रास्ते अलग हो गए थे। बकौल पुलिस, इसी रंजिश में राजकुमार महिला से वीरेंद्र सिंह के खिलाफ झूठी शिकायतें कराता रहता था। अब वीरेंद्र सिंह दोबारा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था लिहाजा राजकुमार फिर से झूठा मुकदमा दर्ज कराने की साजिश रच रहा था। वीरेंद्र ने यह बात अपने रिश्तेदार अंकुर और बिट्टू को बताई थी। इसके बाद ही तीनों ने मिलकर राजकुमार की हत्या की योजना बनाई थी जिसे हादसे का रूप देने के लिए एक सप्ताह पहले बोलेरो व सिम कार्ड खरीदा था।

- चुनावी रंजिश को लेकर की थी हत्या
- एसपी ने किया हत्या का खुलासा

# बाइक-ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, छात्र की मौत

## दुकान बंद कर लौट रहा था घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार छात्र की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटना स्थल आ गयी।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी में पेशे से किसान मुनाजिर हुसैन का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा छह बेटे-बेटियां हैं। तीसरे नंबर का 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद शमी शहर कोतवाली क्षेत्र में जेएस हिन्दू कॉलेज रोड (मच्छरट्टा) में मोबाइल की दुकान करता था। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बने मोहम्मद शमी रोजाना की तरह दुकान बंद करने के बाद बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि गांव के पास ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि गंभीर घायल मोहम्मद शमी की मौके पर ही मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार के कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन व रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए। जिंदा होने की उम्मीद से परिजन मोहम्मद शमी को निजी अस्पताल भी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया और शव घर ले गए। मंगलवार को मृतक को सुपुर्देखाक कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि हादसे में युवक की मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है लिहाजा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



गजरौला। गैस रिसाव की की घटना के बाद जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी।

# बेस्ट क्राप में गैस रिसाव से अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोमवार की रात को बेस्ट क्रॉप कंपनी के वेयरहाउस में रखे केमिकल से गैस रिसाव के कारण पांच घंटों तक लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। हाइवे पर ऐसा नजारा हो गया था कि मानो को. हरा छा गया हो। अल्लीपुर, नाईपुरा आदि समेत आसपास के कई गांवो में लोगों को सांस लेने में दिक्कत रही। सूचना मिलते ही एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार समेत सरकारी अमला मौके पर पहुंच गया था। रात के दो बजे स्थिति पर नियंत्रण किया गया। लोगों ने कंपनी पर पहुंचकर प्रबंधन से नोंकझोंक की, काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। वहीं मंगलवार को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने भी फैक्ट्री पहुंची और जायजा लेते हुए नोटिस जारी किया। बता दें कि सोमवार की रात करीब 8:30 बजे बेस्ट क्रॉप कंपनी के वेयरहाउस में रखे केमिकल से गैस का रिसाव हुआ। जिससे पूरे शहर में प्रदूषित धुंध छा गई। दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग का ऐसा नजारा हुआ कि जैसे सर्दियों के सीजन में कोहरा छा गया हो। मोहल्ला अल्लीपुर के लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने हंगामा करते हुए औद्योगिक इकाइयों पर जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। यहां के रहने वाले समरपाल सैनी, बीना देवी, शारदा देवी, सरोज, सरोज देवी, कस्तूरी देवी, जमा देवी, रवि सेनी, विपिन कुमार आदि को सांस लेने में दिक्कत हुई और तबियत बिगड़ गई। मुहल्ला नाइपुरा के सभासद पति फुरकान अली व सभासद चरण सिंह भी कंपनी के गेट पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। उधर, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, एफएसओ कमलेश मिश्रा, ईओ ललित कुमार आर्या मौके पर आए। रात के दो बजे स्थिति नियंत्रण में हो सकी। बता दें कि कुछ समय पहले भी शहर में गैस रिसाव हुआ था और इसी बेस्ट क्राप कंपनी पर ही गैस रिसाव के आरोप लगे थे। इस बार भी इसी कंपनी से कैमिकल से गैस रिसाव हुआ।

- घंटों तक लोगों को हुई परेशानी, अधिकारी पहुंचे

## प्रदूषण बोर्ड की टीम ने भी लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बेस्ट क्राप साइंस प्राइवेट लिमिटेड से हुए गैस रिसाव के बाद मंगलवार को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की तीन सदस्य टीम कंपनी परिसर पहुंची और यहां पर गैस रिसाव आदि से सम्बंधित घटना के बारे में जानकारी ली और साक्ष्य जुटाए। कंपनी को नोटिस भी जारी किया। नगर पालिका व तहसील प्रशासन की ओर से भी प्रदुषण नियंत्रण विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं कंपनी के प्रबंधक सुबोध कुमार का कहना है कि कंपनी के किसी प्लांट से गैस रिसाव नहीं हुआ बल्कि वेयरहाउस में रखे कच्चे माल में आपस में सम्पर्क में आए केमिकल से धुएं की स्थिति बनी।

# दबंगों ने मजदूर पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दबंगों ने मजदूर पर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के बाईखेड़ा निवासी कृपाल सिंह के पुत्र कोशिंदर ने मंगलवार को पुलिस को एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि जब वे अपने घर के सामने बुग्गी से धान उतार रहे थे तभी गाँव के ही एक युवक ने उनके सिर पर ईंट से हमला कर दिया और अपने घर भाग गया। कोशिंदर जब इस हमले की शिकायत करने उसके घर पहुँचे तो वहाँ पहले से मौजूद कुछ दबंगों ने घर का दरवा. जा बंद कर लिया और धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई. जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गये। इस घटना के बाद, कोशिंदर अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुँचे और पुलिस को लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को मेडिकल जाँच के लिए भेजा। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार का दिन नगरवासियों के लिए ऐतिहासिक रहा, जब श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात नगर के मुख्य मार्गों से धूमधाम से निकली। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक हरपाल सिंह और पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने फीता काटकर व विधिवत पूजन कर किया।

भव्य रथ पर सजे-धजे भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छवि देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ख्र माता सीता, महाराजा दशरथ, गुरु वशिष्ठ, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमानजी और शेरों वाली माता ख्र ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर राम बारात का स्वागत किया। बैंड की मधुर धार्मिक धुनों पर भक्त थिरकते नजर आए, वहीं अखाड़े के वीर जवानों ने करतब दिखा कर वाहवाही लूटी और मटकी फोड़ कर लोगों को रोमांचित किया। बरात अयोध्या बने रामलीला मैदान से शुरू होकर बाईपास मार्ग, अहिंसा स्तंभ चौराहा, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा व कटरा तिकोना स्कूल से होती हुई लाला नेमकुमार जैन के सेण में जाकर संपन्न हुई। मुख्य बाजार में जनकपुरी सजाई गई, जहां माता सीता ने भगवान राम के गले में वरमाला पहनाई। इसके बाद गुरु वशिष्ठ ने पूरे वैदिक विधान के साथ राम-सीता विवाह सम्पन्न कराया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सदस्यों ने कन्यादान कर धर्मलाभ प्राप्त किया। श्रद्धालु जयश्रीराम के उद्घोष के साथ पूरी रात भावविभोर होकर इस दिव्य दृश्य के साक्षी बने। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सरदार सेवा सिंह, समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह,सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह, पारस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरी नगरी राममय वातावरण में सराबोर हो गई और हर गली में गूंजता रहा।



# दुर्घटना के आरोपी ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

## हादसे में युवक की हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज गति से दौड़ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ढेकला निवासी ओमवीर पुत्र रम्मू सिंह 6 सितंबर को माइक पर सवार होकर अपनी मोटर साइकिल से अपने घर को आदमपुर से लौट रहा था। ढेकला मोड़ के समीप सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे ओमवीर सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया था।परिजन उपचार के लिए पाकबड़ा के टीएमयू अस्पताल ले गये थे। लेकिन उपचार के दौरान ओमवीर की 9 सितंबर को मौत हो गई थी। परिजनों ने गमजदा माहौल में ओमवीर का अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी गई थी। उस समय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं कियाथा। लेकिन पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक देवेंद्र पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम मासकपुर माझरा थाना आदमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारपीट में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** झगड़े का समझौता करने के लिए धोखे से बुलाने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के पिता के साथ मार पीत करते हुए जान से मारने की धमकी दी है पुलिस ने तीन के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है थाना आदमपुर निवासी राम सिंह पुत्र राम ने अपनी पुत्री ममता की शादी क्षेत्र के गांव बड़ा माजरा निवासी जीवन पुत्र रामवीर सिंह के साथ काफी दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद ममता को पति व ससुराल के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस समय उनका झगड़े का मुक. दमा भी चल रहा है। ममता का आरोप है कि उसके ससुर ने उसे फोन कर कहा कि झगड़े को समझौते से निपटा लो। इस पर वह वह अपने पिता को लेकर झगड़े का समझौता करने के लिए उनके बताये हुए स्थान पर पहुंच गई। उनको देखते ही ससुराल पक्ष के लोगों ने गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी तथा उनके साथ मारपीट करने लगे। राम सिंह ने गालियां देने को मना किया तो आरो. पियों ने लात घूंसों से पिटाई करनी शुरू कर दी। उसकी जेब में रखें 5000 भी आरोपियों द्वारा निकाल लिए गये। और जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें वहां से खदेड़ दिया। पीड़ित जैसे तैसे कर थाने पहुंचे तथा पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने जीवन पुत्र रामवीर, केशव पुत्र रामवीर, अमित पुत्र रामवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरो. पियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है।

# ब्रहमचारिणी से की परिवार की समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूसरे नवरात्र पर मां के भक्तों द्वारा मां ब्रहमचारिणी की अर्चना कर उनसे परिवार के लिये सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन भी देवी मंडपों में उनका अपार भीड़ रही। माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। हर कोई उनकी भक्ति में लीन नजर आ रहा था।

मंगलवार को दैवी मां के दूसरे स्वरूप माता ब्रहमचारिणी का गुणगान पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ किया गया। हर कोई उनकी भक्ति में डूबा नजर आ रहा था। देवी मंडपों से माता के जयकारों की गूंज सुनाई दी। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। लोगों ने मंदिरों से लेकर घरों तक उनकी आराधना की। व्रत रखकर उनका गुणगान किया। सांय के समय प्रसाद चढ़ाकर माता की आरती के बाद व्रत खोले गये। लोगों में पूर्व की तरह इस बार भी नवरात्र पर उत्साह देखते ही बन रहा है। खासकर युवा वर्ग तो इस नवरात्र को पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। मंगलवार को भी बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। लोगों ने अपनी पसंद का सामान खरीदा तथा माता की आराधना की। माता ब्रहमचारिणी को ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की प्रतिमूर्ति कहा जाता है। मान्यता है कि जो भी भक्त उनसे सच्चे मन से मुराद मांगता है वह उसे पूरा जरूर करते है। जिस कारण मंगलवार को माता के जयकारें दूर तक सुनाई दिये।

# दूसरे नवरात्र पर हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मंगलवार को शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। ज्ञान तपस्या और वैराग्य की देवी मानी जाने वाली मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से भक्तों में त्याग और संयम की भावना जागृत होती है। घ्पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। हजारों वर्षों तक अन्न-जल त्याग कर तप करने के कारण ही उन्हें ब्रह्मचारिणी (जिसका अर्थ है शतपस्या का आचरण करने वालीश) नाम दिया गया। उनका स्वरूप अत्यंत सरल और सौम्य है। वे सफेद वस्त्र धारण किये हुए हैं। और उनके एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे में कमंडल है।घ्यह माना जाता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उनकी आराधना से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। और व्यक्ति में दृढ़ निश्चय और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं। यह पूजा इस बात का संदेश देती है कि सच्ची श्रद्धा और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। घ्हसनपुर तहसील के सैदनगली, ढबारसी, उझारी, रहरा, आदमपुर सहित कई ग्रामीण इलाकों में भी भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल को मंदिरों के आसपास तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। भक्तों ने मां के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और अपनी सुख-शांति की कामना की।





अमरोहा। कोट चौराहा स्थित दुकान से जीएसटी छूट के बारे में जानकारी लेतीं डीएम।

# जीएसटी की घटी दरों पर ही बेचें सामान

## डीएम ने पैदल घूमकर लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शहर में पैदल घूमकर दुकानदारों के पास पहुंच जीएसटी की नई दरों के बारे में जानकारी एकत्र ली तथा व्यापारियों से ग्राहकों को जीएसटी की नई दरों के अनुसार सामान बेचें।

मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पैदल ही कई दुकानों पर पहुंच जीएसटी की संशोधित दरों के बारे में जाना। वह वी मार्ट स्टोर पहुंचीं उन्होने कपड़ों व अन्य सामानों पर जीएसटी में की गयी कमी के बारे मे बताया। 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत लागू की गयी दरों पर ही सामान बेचने के लिए उन्हें निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने न्यू सुपर किराना स्टोर पर पहुंचकर दुकानदार से संवाद किया। चतुर्वेदी बैकरी पर पहुंच जीएसटी के बारे में जानकारी ले उन्होंने बताया कि जिन पदार्थो पर जीएसटी की लागू घटायी गयी हैं ग्राहकों को उन्हीं दरों से सामान की बिक्री करें। इस दौरान उनके साथ सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार पर हमले में चार पर रिपोर्ट

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाइक से घर लौट रहे किसान पर दबंगों ने हमला कर दिया तथा जेब में रखे तीन हजार रूपये भी लूट लिये। शिकायत करने के बाद भी जब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर घना निवासी कंचन कुमार का आरोप है कि गांव देहरा का रहने वाला बिट्टू, गाजियाबाद पुलिस लाइन में तैनात दरोगा विपिन सिंह, मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव दयानतपुर का रहने वाला अजय और बछरायूं का रहने वाला अंकित उनके साथ रंजिश रखते हैं। 20 जून की रात में नौ बजे कंचन सिंह अमरोहा से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि कैलसा बॉर्डर पर बिजली घर के सामने पहले से घात लगाए बैठे बिट्टू, दरा. ेगा विपिन सिंह, अजय और अंकित ने रोक लिया। अघधिकारियों से शिकायत करने का हवाला देते हुए मारपीट की। जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। आरोप है कि चारों ने जेब में रखे तीन हजार रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरता हुआ पाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कार में सवार होकर फरार हो गए। मामले में पीड़ित कंचन कुमार ने थाना पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बिट्टू, विपिन सिंह, अजय और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आरोपी विपिन को दरोगा बताया जा रहा है, इस संबंध में गाजियाबाद पुलिस से रिपोर्ट ली जाएगी

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए मिशन शक्ति 5.0 की व्यापक स्तर पर शुरुआत हुई है। इसी क्रम में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जनपद के थानों पर गठित एंटी रोमियो टीमों/महिला सुरक्षा दल द्वारा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु गांव-गांव/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि स्थनों पर चौपाल लगाकर व कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा केंद्र, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वीमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड़ टच, बैड टच एवं कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल, कॉलेज, बाजार और अस्पतालों में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090, 112, 1098, 181, 1076, 1930, 102 और 108 शामिल हैं। महिलाओं को सरकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई। छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम और साइबर अपराध से जुड़े कानूनी



प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के उपायों से भी अवगत कराया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हापुड़ नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को इंद्रप्रस्थ कॉलेज हापुड़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हापुड़ नगर कार्यकारिणी 2025-26 का गठन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। नवगठित कार्यकारिणी में पुरुषोत्तम शर्मा को नगर अध्यक्ष एवं सचिन प्रजापति को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। यह नियुक्तियाँ संगठन की गरिमा व कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से की गई। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री सागर शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठन की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा छात्र हित में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए शुभकामनाएं भी दीं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगामी सत्र में छात्र-हित, शैक्षणिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों व आंदोलनों के माध्यम से कार्य करती रहेगी।

# सेवा पखवाड़ा के तहत टीबी रोगियों को पोषाहार किया वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. सुनील कुमार त्यागी के मार्गदर्शन में, हापुड़ में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत एक सराहनीय पहल देखने को मिली।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शालोम चौरिटेबल ट्रस्ट की महिला सदस्यों ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत 70 क्षय यानी टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 14 महीनों से लगातार टीबी मरीजों को पोषाहार दे रही है। इस बार पोषाहार वितरण का काम महिला सदस्यों ने संभाला, जो नारी शक्ति के सशक्तिकरण का बेहत. रीन उदाहरण है। इस अवसर पर जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने मरीजों और उनके साथ आए तीमारदारों को टीबी के लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर किसी को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, खांसी में खून, वजन घटना, भूख न लगना, रात में पसीना आना या सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नज़दीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार टीबी की सभी जांच और इलाज मुफ्त में देती है। इसके अलावा, निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को हर महीने 1000 दिए जाते हैं। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी नागरिकों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों और



सरकार का सहयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा. समरेंद्र राय, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक हसमत अली, राजकुमार और शालोम चौरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य उपस्थित थे। शालोम चौरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल सामा. जिक जिम्मेदारी और मानवता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जरूरतमंदों को सहायता भी प्रदान कर रही है।

# मेरठ विश्वविद्यालय में चमका हापुड़ का सितारा, जीता गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिम्भावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर के निवासी मोहम्मद तालिब ने चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, मेरठ में एमएससी कृषि प्लांट पैथोलॉजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करके गोल्ड मेडल जीता है। इस सम्मान से पूरे हापुड़ जिले का नाम रोशन हुआ है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने खुद मोहम्मद तालिब को यह प्रतिष्ठित कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस समारोह में तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूँज उठा। तालिब ने 77. 83प्रतिशत अंक 1868/2400 प्राप्त करके अपने विषय में पहला स्थान हासिल किया, जो उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। सम्मान मिलने के बाद मोहम्मद तालिब ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और गुरुजनों को दिया। उन्होंने विशेष रूप से प्राचार्य प्रो. डा. विजय गर्ग, विभागाध्यक्ष डा. कुँवर ज़ीशान ख़ान, प्रो. डा. अरविंद तोमर और डा. शिवांगी मैम का आभार व्यक्त किया। तालिब का मानना है कि नियमित अध्ययन, परिवार का समर्थन और अध्यापकों का मार्गदर्शन ही उनकी सफलता की कुंजी रही है। मोहम्मद तालिब ने आगे पीएचडी करने और शिक्षा व शोध के क्षेत्र में योगदान देने का लक्ष्य रखा है। उनका मानना है कि कृषि और पौध संरक्षण से जुड़े शोध देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मोहम्मद तालिब की



यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार के लिए, बल्कि उनके गाँव और पूरे हापुड़ क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। उनकी सफलता ने युवाओं को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

# चिकित्सा के क्षेत्र में चमत्कार है आयुर्वेदः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि प्राचीन काल से ही आयुर्वेद विज्ञान चिकित्सक के क्षेत्र में काफी उपयोगी रहा है। इससे बड़ी से बड़ी बीमारियों को आसानी से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से घरों व आस-पास बेहतर सफाई की मांग की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 10वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर नगर पालिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि आज हर क्षेत्र में आयुर्वेद का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में आयुर्वेद के माध्यम से बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। डीएम ने लोगों से अपील करते कहा कि वह सड़कों पर कूड़ा न डाले। खुद तो सफाई का ध्यान रखे ही बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि आज आयर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिये की वह नगर को साफ रखे तथा दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है कि जिस काम की जिम्मेदारी हमें दी जाये उसे ईमानदारी से पूरा करें।

### आयुर्वेद दिवस पर पालिका में शिविर



# बस चालक के साथ युवकों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित एक होटल पर रूकी हल्द्वानी डिपो की बस के चालक के साथ स्कार्पियो सवार पांच युवकों ने मारपीट की। होटल स्टॉफ ने चालक को आरोपियों के चंगुल से बचाया। आरोपी चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। होटल स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

■ **होटल स्वामी की तहरीर पर पांच युवकों पर मुकदमा दर्ज**

जानकारी के मुताबिक विपिन चौधरी निवासी अतरपुरा का हाइवे पर मुरादाबाद दिशा की ओर एक तड़का ढ़ाबा है। 22 सितम्बर की रात करीब एक बजे यहां पर हल्द्वानी डिपो की बस रूकी। बस चालक गुरूसेवक पुत्र गुरनाम सिंह निवासी सुभाषनगर थाना बिलासपुर जनपद रामपुर जैसे ही बस से उतरे, त्यों ही पीछे से आई एक स्कार्पियो कार से पांच युवक उतरे और उन्होंने चालक के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना से अफरातफरी की स्थिति बन गई। शोर शराबा सुनकर होटल के स्टॉफ ने चालक गुरूसेवक को आरो. पियों के चंगुल से बचाया। जिसके बाद आरोपी चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की तहरीर होटल स्वामी विपिन चौधरी ने पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चेतन यादव उर्फ चिंटू, रोहित यादव, अनुज यादव निवासी गण ग्राम रहदरा थाना गजरौला समेत दो अज्ञात युवकों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जीएसटी में छूट से मिलेगा सभी को लाभः तंवर

### सांसद ने व्यापारियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर ने केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में छूट किए जाने के बाद व्यापारियों से संवाद किया। सांसद ने केन्द्र सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि, जीएसटी घटाने से का यह दूरदर्शी कदम जीडीपी में बढ़ोतरी करेगा, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देगा, उपभोक्ता बढ़ेंगे और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

जीएसटी बचत उत्सव के अवसर पर सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 28 प्रतिशत वाले स्लैब को घटाकर 18 कर दिया। 18 प्रतिशत वाले कई उत्पादों से जीएसटी घटाकर 05 प्रतिशत कर दिया गया। बीमा समेत रोजमर्रा की अनेकों वस्तुओं को जीएसटी फ्री कर दिया गया



है। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा तो अलग अलग प्रदेश में 70 से 80 प्रतिशत कर लगता था, लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार ने जीएसटी लागू किया।

अब जीएसटीः 2 के अर्न्तगत जीएसटी के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करते हुए केवल 05 और 18 प्रतिशत के स्लैब को रखा गया है। जबकि अनेकों रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे खाना, दवाईयां, साबुन, टूथपेस्ट और अन्य कई सामान पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दिया गया है। जीएसटी बचत उत्सव से किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग आदि सभी को लाभ मिलेगा। इस नए जीएसटी बदलाव के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने व्यापारियों से मिलकर जीएसटी : 2 के लिये बधाई दी और कहा कि जीएसटी छूट का लाभ सभी ग्राहकों और आम जनता तक पहुंचे। इसी के साथ ही सांसद ने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, ताकि हमारा देश और भी आत्मनिर्भर बने। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर मेड इन इण्डिया उत्पादों की बिक्री ज्यादा से ज्यादा करें, ताकि हमारा भारत और भी मजबूत हो सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, युद्धवीर सिंह, महेन्द्र सिंह प्रजापति, महेश प्रधान, डॉ.राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, उत्तम सिंह प्रजापति, शशि चौहान, तेजपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, सतेन्द्र उर्फ सोनू भड़ाना, विजय पंवार, आयुष चौधरी,मनमोहन सिंह सेन, अंकुश पाल आदि मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी, सशक्ति परिवार के तहत लगा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना था। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्यपाल सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ ध्रुवेंद्र सिंह और अन्य प्रमुख व्यक्ति जैसे मनोज कुमार जोशी, शोभित शर्मा और पाठक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह, मनोज कुमार जोशी, शोभित शर्मा, डॉ अब्दुल कादिर, पवन राज जाटव, मंडल अध्यक्ष राजू राणा मौजूद रहे।

# रामचरित्र मानस की चौपाइयों का करें आत्मसातः दीक्षित

### बस्ती में रामलीला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्री रामलीला प्रबंध समिति बस्ती के तत्वावधान में 98 वें श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कमेटी के पदाधिकारियों के संग फीता काटकर किया। उन्होंने रामचरित्र मानस की चौपाइयों को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सोमवार की रात नगर में स्वर्गीय रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में श्री रामलीला प्रबंध समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में वृंदावन से आए श्री आदर्श गोविंद बिहारी रामलीला/रासलीला संस्थान के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन आरंभ किया। इससे पूर्व पंडित सुखदेव शर्मा शास्त्री ने गणेश



पूजन कराया। प्रथम दिन नारद मोह का मंचन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने कहा कि रामायण हमारे ही जीवन का सार है। इसके सारे पात्र हमारे इर्दगिर्द घूमते हैं। रामायण हमें रिश्तों की डोर की मजबूती का आभास कराती है। घविश्वास और भक्ति को जागृत करती है। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि के साथ ही आमंत्रित अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर जुबिलेंट से आए सुनील कुमार सिंह, रबिंद्र झा, विशाल गौरव, अशोक राय, फाल्गुनि शरण, देश दीपक मिश्रा के साथ ही कमेटी के अध्यक्ष रामप्रक. ाश गर्ग, प्रबंधक डा. आशुतोष भूषण शर्मा, महामंत्री विपिन कौशिक, शैलेश गर्ग, डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल , सुबोध सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल,पंकज कौशिक, जिताम्बर यादव, सचिन यादव, यश अग्रवाल, राहुल गोयल, कनिष्क भूषण शर्मा, ग्रीश विश्वकर्मा, शिवांक सिंघल आदि भी उपस्थित रहे।

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें

### सीडीओ ने किया रामलीला का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वधान में इकोदा रोड पर रामलीला ग्राउंड में मुकुट पूजा-नारद मोह के साथ रामलीला का मंचन किया गया मंचन से पहले रामलीला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काट कर किया गया। कस्बे में इकोदा रोड पर श्री धार्मिक रामलीला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा रामलीला हमारी सास्कृतिक धरोहर है इससे हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का ज्ञान मिलता है यह हमे सिखाती है कि परिवार को कैसे प्रेम में रहना चाहिए इसके बाद नारद मोह से रामलीला का मंचन शुरू हुआ मंचन में दिखाया कि नारद की तपस्या भंग करने के लिए इन्द्रदेव कामदेव संग अप्सराओं को भेजते है इसमें कामदेव की तमाम कोशिशों के बाबजूद उनकी तपस्या भंग करने में असफल हो जाते है दर्शकों ने इस मंचन पर खूब तालियां बजाई



इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू विपिन गुप्ता ब्रजपाल सिंह सरल चौधरी राजू चौधरी जीत सिंह चन्द्रभान तोमर सुभाष गुप्ता विजय तिवारी राजेन्द्र सिंह सुभम चौधरी गुड्डू गुप्ता राजू टांक बबलू गुप्ता राहुल गुप्ता सुशील गुप्ता राजीव तोमर खेमचंद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# नेशनल हाइवे पर मौत बनकर दौड़ रहे मलबे से भरे ओवरलोड डंपर



i|jui|jA नैशनल हाइवे 730 पर ईट भट्ठे के मलवे से भरे ओवरलोड डंफर या मिट्टी से भरे डंफर की समस्या गंभीर है। खुटार रोड से पूरनपुर की तरफ से तेज गति से चल रहे नैशनल हाइवे 730 पर भट्टो के मलवे से भरे डंफर से यातायात प्रभावित हो रहा है भट्टो के मलवे को ओवर लोड भरकर खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर दौड़ते नजर आ रहे हैं।

जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आपकों बताते चलें हाल ही में, एक ओवरलोड गन्ना भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दो घंटे तक जाम लगा रहा और कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ओवरलोड वाहन सड़क पर बड़े खतरे का सबब बन सकते हैं, जैसे कि अनियंत्रित होकर पलटना या ब्रेक फेल होने जैसी समस्या उत्पन्न हों सकती हैं और ओवरलोड वाहनों के कारण होने वाले हादसे या खराबी से यातायात जाम हो सकता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

# जीएसटी सरलीकरण मोदी सरकार का देश को दिवाली उपहार: संजय गंगवार

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्रान्तिकारी नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार के सम्बन्ध में व्यापारिक संगठनो, व्यापारियो के साथ जागरुकता कार्यक्रम राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उप्र, संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में जेपी होटल एण्ड वेडिग स्क्वायर, कार्यशाला आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधार से व्यापारियों के साथ आम जनता को भी लाभ मिला है। शहर के जेपी पैलेस होटल में राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के समक्ष संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि जीएसटी लागू करने के बाद



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जब व्यापारियों की समस्याओं को सुना तब उन्होंने महसूस किया किजीएसटी प्रक्रिया काफी जटिल है, इसके बाद ही उन्होंने जीएसटी प्रक्रिया के सरलीकरण के निर्देश दिए थे, और दो दिन पहले उन्होंने राष्ट्र को संबोधित कर जीएसटी प्रक्रिया को सरल कर दिया जिससे न सिर्फ व्यापारियों को इसका लाभ मिला है बल्कि आम जनता को भी काफी लाभ मिला है और तमाम रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गई है इसीलिए आज हम जीएसटी बचत महोत्सव मना रहे हैं। कार्यशाला में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि जीएसटी की दरों में सुधार होने से आमजन को निश्चित रूप से आर्थिक लाभ पहुंचेगा उनकी क्रय शक्ति बढेगी, इस तरह जीडीपी में वृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 के अन्तर्गत क्यूआर कोड स्कैन कर अपने विचार और संकल्प साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से विजन डाक्यूमेंट 2047 का निर्माण किया जा रहा है, इसमें अपना योगदान अवश्य दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एंव आशीष निरंजन अपर आयुक्त राज्य कर बरेली जोन बरेली संयुक्त आयुक्त विजय कुमार गौड ,उपायुक्त संजीव कुमार ओमर, रिकेश सिंह सहायक आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद चैहान, श्रीमती रुचि यादव, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, राज्यमंत्री के बेहद करीबी व्यापारी नेता जिला महामंत्री शैली अग्रवाल, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, महामंत्री पंकज अग्रवाल, अनिल महेंद्ररु, देवेश बंसल समेत, नगर पंचायत नौगामा पकड़िया अध्यक्ष संदीप कौर, ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार सहित आदि मौजूद रहे।

# विद्युत से वंचित लोगों तक विद्युत पहुंचाने की मांग, दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** थाना माधोटांडा ग्राम पंचायत सेल्हा विकास खण्ड पूरनपुर तहसील कलीनगर के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि विद्युत विभाग द्वारा उनके गांव के लगभग 80 परिवारो को विद्युत से वंचित रखा है। उनके घरो पर विद्युत की व्यवस्था नही है न ही पोल लगे हुए हैं जबकि गांव जंगल से घिरा हुआ है। आये दिन जगली जानवरो से खतरा बना रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चो के लिए शिक्षा अध्ययन करने में भी कठिनाई होती है। ऐसी स्थिति में उक्त क्षेत्र की जांच करवाकर विद्युत विभाग से वंचित परिवारो को विद्युत की व्यवस्था की ज्ञापन में मांग की गई है। इस दौरान बिदु बैरागी, सीमा बैरागी, धर्मेंद्र, मालती देवी, फूल कुमारी, अहमद रजा, संदीप कुमार, जय प्रकाश, फिरोजी, नासिर अली, जोगेंद्र, बलविंदर रीता आदि अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# माता यशवंतरी देवी मंदिर सरोवर का होगा सौंदर्यीकरण

**पीलीभीत।** प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने श्री सिद्ध पीठ मां यशवंतरी देवी मंदिर के सरोवर का सौंदर्याकरण कराने के प्रमुख सचिव नगर विकास को निर्देश दिए है. यह सौंदर्याकरण सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के आग्रह पर कराया जा रहा है. सांसद बनने के बाद जितिन प्रसाद यशवंती देवी मंदिर गए थे, इस दौरान क्रांतिकारी विचार मंच के नेता देव स्वरूप पटेल ने सरोवर के सौंदरीकरण की मांग की थी जिस पर जितिन प्रसाद ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री एक शर्मा को पत्र लिखा था, सांसद के आग्रह पर नगर विकास मंत्री ने प्रमुख सचिव नगर विकास को सरोवर का सौंदर्याकरण करने के निर्देश दिए हैं जिससे भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई है. श्री पटेल ने नगर विकास मंत्री का आभार जताया है।

# कंपोजिट विद्यालय रूद्रपुर में पलक बनी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी

**पूरनपुर।** मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की विचारधारा को पूर्ण करने के क्रम में कम्पोजिट विद्यालय रुद्रपुर की छात्रा पलक को एक दिन के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया।

उन्होंने कक्षा–कक्षों में जाकर बच्चों से सवाल जवाब किए। बेहतर शिक्षा के लिए विद्यार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। शिक्षकों के साथ बैठकर कई बिंदुओं पर चर्चा की।मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय रुद्रपुर की कक्षा–7 की छात्रा पलक को खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर एक दिन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने विद्यालय के सभी अध्यापकों से छात्रों के शिक्षण कार्य के लिए विद्यालय की समय सारणी देखी। शिक्षण कार्य समय सारणी के अनुसार संचालित की जानकारी की। कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य




देखा और पढ़ने वाले बच्चों से प्रश्नों के उत्तर पूछे। इसके अलावा मिड–डे मील व निशुल्क पुस्तक वितरण के बारे में बच्चों से जानकारी हासिल की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद में भी प्रतिभाओं को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बेहतर शिक्षा के लिए विद्यार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। छात्रा पलक ने स्वयं के बारे में बताया कि वह भविष्य में पढ़–लिखकर एक अच्छी अध्यापिका बनकर देश की सेवा करना चाहती है। इस मौके पर इंचार्ज शिक्षक रामसेवक, शेखर दीक्षित, गुरजीत सिंह, अतुल कुमार विश्वकर्मा, अनिल आदि मौजूद रहे।

# संस्कृति विवि में वक्ताओं ने छात्रों को बताए विधि क्षेत्र में नौकरी के मौके

**मथुरा।** सांस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा "कैरियर ऑपर्च्युनिटीज इन लॉ" विषय को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के बारे में बहुत मूल्यवान जानकारियां उपलब्ध कराईं।

वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार कानून(विधि) डिग्री हासिल कर वो किस मुकाम को हासिल कर सकते हैं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रहलाद कृष्ण शुक्ला ने अधिवक्ता पेशे के महत्व, प्रारंभिक दौर की चुनौतियों, न्यायिक सेवा, प्रभावी संप्रेषण कौशल, विधि एवं वित्त मंत्रालय के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों, लोक अभियोजक एवं न्यायिक अधिकारियों के करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने केस लॉ, शोध एवं न्यायालयीन निर्णयों के महत्व पर भी विशेष बल दिया। इस अवसर पर संस्कृति स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डॉ. डी. एस. तोमर ने छात्रों को करियर एडवांसमेंट प्रोग्राम और व्यावहारिक अनुभव की अनिवार्यता पर पर जोर डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार आपको अपग्रेड करते रहने के प्रयास में जुटा है, जिसका आप लोगों को लाभ उठाना चाहिए।

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों आदित्य ओझा और आदित्य दुबे ने भी छात्रों को विधि क्षेत्र में शैक्षणिक प्रगति, बेयर एक्ट के महत्व एवं प्राध्यापक बनने की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा छवि शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने वक्ताओं से कई सारे सवाल कर अपने डाउट क्लीयर किए। वक्ताओं ने छात्रों के सवालों पर अपने निजी अनुभवों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में कानून के विद्यार्थियों की आवश्यकता के बारे में जानकारियां दीं। अंत में डॉ. कमल सिंह धाकड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी अतिथियों, मुख्य वक्ता एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

# धार्मिक आयोजनों से छात्र–छात्राओं में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : कुलाधिपति किशन चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं देव. ीपुराण पाठ का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन हो गया। जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने विश्व कल्याण हेतु देवी शक्ति का आव्हान करते हुए महायज्ञ में पूर्णाहूति अर्पित की। उन्होंने कहा नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है, महा भगवती की कृपा से मेरे ब्रजवासी सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हों और विश्व का कल्याण हों। धर्म–अध्यात्म में मन लगाने से मन को एकाग्रता मिलती है और शिक्षा के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी है। भारत ही ऐसा देश है, जहां पर नारी को शक्ति का रूप माना जाता है। विश्वविद्यालय में ऐसे आयोजन से छात्र–छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। देवीपुराण पाठ का जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि देवी सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी संकायों के डीन, प्रोफेसरों सहित मेडीकल छात्र–छात्राओं ने स्मरण किया। सौंख पाली डूंगरा स्थित केएम विश्वविद्यालय में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रातःकाल हवन पूजन कर शैलपुत्री देवी मां का आह्वान किया गया। द्वितीय नवरात्र पर ब्रह्मचारी देवी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। वृंदावन से आए संस्कृत विद्वान एवं यज्ञाचार्य पंडित गौतम कृष्ण शास्ध्त्री उनके साथ आचार्य कृष्ण उपाध्याय, आचार्य नीतेश शास्त्री, मोहित आचार्य, महंत विष्णु दत्त, पीयूष आचार्य कमल त्रिपाठी आचार्य ने नवार्ण मंत्रों के साथ नवरात्र के दूसरे दिन विधि–विधान से पूजा पाठ एवं सहस्त्र चंडी महायज्ञ सम्पन्न कराया, जगत जननी मां की आरती की। इस दौरान कुलाधिपति किशन चौधरी हवन में आहूति करने के बाद आरती कर छात्र छात्राओं को प्रसादी बांटी। संस्कृत विद्वान एवं यज्ञाचार्य पंडित गौतम कृष्ण शास्त्री ने देव. ीपुराण कथा के दौरान कहा एक वर्ष में चार नवरात्र आते है, जिसमें दो गुप्त होते है। नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है और हर दिन के लिए एक विशिष्ट मंत्र होता है जो उस देवी के स्वरूप, गुण और ऊर्जा से जुड़ा होता है। इसमें पहले ध्यान मंत्र आता है, फिर स्तुति मंत्र और फिर देवी मंत्र। सबसे आखिर में बीज मंत्र पढ़ा जाता है। अगर नवरात्रि में साधक माता के नौ अलग–अलग रूपों से जुड़े नौ अलग–अलग मंत्रों का जप करते हैं।

# जीएसटी को लेकर जनपद के सभी व्यापारियों की हुई बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** केन्द्र सरकार द्वारा देश के व्यापारियों के हित में लिए गए फैसले के अंतर्गत जीएसटी सरलीकरण को लेकर मथुरा जनपद के सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारी की एक बैठक जॉइंट कमिश्नर जीएसटी रमेश सिंह की अध्यक्षता में राजीव भवन स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में जीएसटी को लेकर सभी व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यापारियों के हित में जीएसटी सरलीकरण किया जाने को लेकर सभी ने हर्ष ध्वनि से मोदी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद के प्रमुख व्यापारी नेता शिव शंकर वर्मा ने अपने पुराने संस्मरण सुनाते हुए व्यापारियों में जोश भरा तो वही जॉइंट कमिश्नर व्यापार कर रमेश सिंह से आग्रह किया कि जनपद में बड़े पैमाने पर छोटे व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न पर तुरंत रोक लगाई जाए।

# शिविर में 1495 मरीजों की जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 23 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, बीजेपी नेता डॉ. विनीत देवरा, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा और अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में कुल 1495 मरीजों की जांच की गई। इसमें 400 उच्च रक्तचाप, 306 मधुमेह और 36 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच शामिल रही। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने डेंटल, नेत्र, त्वचा, ईएनटी, आयुष व बाल रोग संबंधी सेवाएं दी। बाल रोग विशेषज्ञों ने 60 बच्चों का इलाज किया और 28 का टीकाकरण भी

## रक्तदान व पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम

किया। इस दौरान 30 आयुष्मान गोल्डन कार्ड और 140 आभा आईडी बनाए गए। विशेष रक्तदान शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों व समा. जसेवियों सहित 6 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और रक्तदान की शपथ दिलाई गई। वहीं 55 टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई, जिनमें से 50 मरीज समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा द्वारा गोद लिए गए थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं और बच्चियों को मासिक धर्म, स्वच्छता और पोषण पर जागरूक किया। डॉ. आंचल त्यागी ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सा से जुड़ी जानकारी दी।

# कल्याण करोति द्वारा किया गया कन्या लांगुरिया पूजन का आयोजन

**मथुरा।** श्री महाराजा अग्रसेन जयंती 2025 के पावन अवसर पर, कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा संचालित सम्बल विशेष विद्यालय में अध्ययनरत विशेष बच्चों के लिए नवरात्रि पर्व पर कन्या लांगुरिया पूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कल्याणं करोति, कल्याण धाम के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी और महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के बच्चे उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उपस्थित थे। सम्बल विशेष विद्यालय बौद्धिक अक्षम, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास हेतु कार्यरत है। यह विद्यालय इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। पूजन के दौरान बच्चों ने



सामूहिक रूप से भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल बन गया। बच्चों की सहजता, उत्साह और सहयोग को देखकर उपस्थित अतिथिगण भाव–विभोर हो उठे। पूजन के उपरांत बालिक. ाओं को सम्मानपूर्वक पूजन सामग्री, उपहार और प्रसाद वितरित किए गए मुख्य अतिथि डॉ. अशोक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, "सम्बल विद्यालय के बच्चों की स्थिति और उनके सपनों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ये बच्चे शिक्षा और जीवन में समान अवसर प्राप्त करें। समाज के अधिक से अधिक लोग इन बच्चों के साथ सहयोग करें, ताकि उन्हें स्वावलंबी बनने और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर अनुराग मित्तल (जिला महामंत्री), श्री विनोद अग्रवाल, निखिल जैन (महानगर प्रभारी), बी.के. शुक्ला, आर.पी. प्रजापति, अभिषेक यादव, रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य, सम्बल विषेष विद्यालय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने समाज से अपील की कि विशेष बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस सहयोग से ही ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने जीवन में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। विद्यालय का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक सदस्य को इस दिशा में भागीदार बनाया जाए ताकि किसी भी बच्चे को शिक्षा और विकास के अवसर से वंचित न रहना पड़े। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में विशेष बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया। उपस्थित गणमान्य और समाजसेवी इस बात से

# प्रेसिडेंट स्पेशल ट्रेन का हुआ ट्रायल, प्रेसिडेंट स्टाफ मेंबर्स भी आए

**मथुरा।** राष्ट्रपति के जनपद मथुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर प्रेसिडेंट स्पेशल ट्रेन का मथुरा जंक्शन रेल्वे स्टेशन पर 23 सितम्बर को वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन से होकर समय 11 बजकर पांच मिनट पर प्लेटफार्म संख्या 08 पर आगमन हुआ। स्पेशल ट्रेन में राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली से आये प्रेसिडेंट स्टाफ मेंबर्स एवं डीआरएम आगरा, रेलवे के संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त होकर स्टेशन प्लेटफार्म पर सुरक्षा प्रबंध प्रणाली एवं व्यवस्थाओ का मौका मुआयना व निरीक्षण किया गया, आरपीएफ, जीआरपी, अधिकारीगण एवं स्टाफ मौजूद रहे! उक्त स्पेशल ट्रेन समय 12 बजकर 36 मिनट पर मथुरा जंक्शन रेलवे से वापस गंतव्य के रवाना हो गई। भारत गणराज्य के महाम. हिम राष्ट्रपति के आगमन के दृष्टिगत श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर तथा श्री कुब्जा कृष्ण जी मंदिर एवं सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए पुलिस महा. निदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मथुरा पहुंचे। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित मथुरा प्रवास को लेकर प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मिलकर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों का काफिला सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर पहुंचा। यहां सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की गई। मंदिर के चारों ओर की जाने वाली बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं के प्रवेश व निकास मार्ग तथा वीवीआईपी मूवमेंट की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने निर्देश दिए कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। मंदिर प्रबंधन से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को भी नोट किया गया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति जी का दौरा सम्मान की बात है, इसलिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद होनी चाहिएं। इसके बाद अधिकारियों का दल श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर पहुंचा। यहां भी सुरक्षा, साफ सफाई और यातायात प्रबंधन को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान आम श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रपति महोदया का 25 तारीख को भ्रमण कार्यक्रम है। इसी लिससिले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए यहां आये हुए हैं। सभी स्थानों पर जहां जहां महाम. हिम का भ्रमण है सुरक्षा व्यवस्था ठीक है। जो मानक हैं उसी के हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

# एमएससी ( वनस्पति विज्ञान ) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (वनस्पति विज्ञान विभाग) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑक साइंस एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। वनस्पति विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि सुमैया ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शुभांगी ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर मानसी ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत



**भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है**

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गेंदबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाकेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबाजी? मुस्तफिजुर रहमान, द फ़िज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

**● कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



**● लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़दि उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुशैन अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



**● सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगदीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

**● बोले: ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**



**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लार्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

## ● ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



**● चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिरी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

**● डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी'ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं नि:शब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन



**● भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओवरसीज ड्राफ़्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विदेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुमति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंज़ूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 24 सितम्बर 2025

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माओ.वादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो



शहनाज हुसैन



त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा, डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल, प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा, डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल, प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

**ग्लिसरीन फेस मास्क**

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

**ओटमील मास्क**

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

**पपीता फेस पैक**

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।



गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम षरानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

**स्थापत्य विशेषताएं-**

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

**कलात्मक सौंदर्य**

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारत्र की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

**वर्तमान स्थिति और पर्यटन**

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

**कैसे पहुंचे?**

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिन: शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



योगेश कुमार गोयल

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यत: नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयत्र की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।




■ उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं
■ फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी



**मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।**

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टड्रिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतरा: वेनेजुएला

**कराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिंगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

■ **बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

## फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

### बोला: देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और



### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

■ **मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो**

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।



■ चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

## रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम: भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले: मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

## पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

### संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोले: ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहा: ये इनाम नहीं अधिकार है

**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।




## यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108